राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 258
जौनपुर, शनिवार
05 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
33°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित स्कॉर्पियो, आग लगने से तीन दोस्तों की मौत

**सोनीपत, 04 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के तीन परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन काल बनकर आया। तीन दोस्तों की मौत से परिवारों में कोहराम मचा है और हर तरफ गम का माहौल है।

बागपत से सोनीपत में मुरथल के ढाबे पर पार्टी करने आए इन दोस्तों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह पार्टी उनकी जिंदगी की आखिरी पार्टी बनकर रह जाएगी। नेशनल हाईवे-44 पर हुए भयावह हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक अभी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

सोनीपत में सोनीपत में मुरथल के पराठे खाकर लौट रहे चार युवक गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे-44 पर सेक्टर-7 फ्लाईओवर के पास दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

**ढाबे पर पराठे खाकर वापस बागपत लौट रहे थे चारों दोस्त**

बताया गया कि हादसा उस वक्त हुआ जब स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। इसके बाद गाड़ी में आग लग गई और देखते ही देखते पूरी स्कॉर्पियो जलकर राख हो गई। वहीं, मिली जानकारी के अनुसार, चारों युवक

मुरथल से खाना खाकर बागपत की ओर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान बागपत के सिरसली गांव के सचिन, विशाल प्रिंस और बिनौली के शेखर के रूप में हुई है। हादसे में शेखर कार में ही जिंदा जल गया, जबकि प्रिंस को बाहर निकाला गया लेकिन, उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया गया कि सचिन को गंभीर हालत में जिला नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पीजीआई रोहतक में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। वहीं, विशाल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत भी बेहद गंभीर बनी हुई है। बहालगढ़ थाना की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## झारखंड में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 8 ठिकानों पर ईडी की रेड

**रांची, 04 जुलाई।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को ईडी ने रांची और हजारीबाग सहित कुल 8 ठिकानों पर छापामारी की। यह छापेमारी अंबा प्रसाद के रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रांची और हजारीबाग में कई जगहों पर ईडी की टीमें पहुंचीं और गहन तलाशी अभियान चलाया। हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास 'समाधान भवन' पर भी ईडी की टीम फिर से पहुंची। इससे पहले भी इस मामले में 'समाधान भवन' पर ईडी की दबिश हो चुकी है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक बड़े मामले का हिस्सा है, जिसमें पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का नाम सामने आया है। ईडी इस मामले में लगातार जांच कर रही है और सबूत जुटाने का प्रयास कर रही है। अभी तक की छापेमारी में क्या बरामद हुआ है, इस बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## 'पाक के साथ दो और दुश्मनों से लड़े...'

### ऑपरेशन सिंदूर पर उप सेना प्रमुख बोले- 'चीन ने हमें हथियारों का टेस्टिंग लैब समझा'

**नई दिल्ली, 04 जुलाई।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को पूरी दुनिया ने देखा। भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उप सेना प्रमुख ने कहा कि यकीनन ऑपरेशन सिंदूर से हमें बहुत सारे सबक सीखने को मिले हैं। FICCI के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने कहा कि जंग एक बॉर्डर पर हो रही थी लेकिन विरोधी तीन थे।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान मोर्चे पर

सामने था, वहीं चीन उसे हर संभव मदद दे रहा था। हालांकि, इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है। पिछले पांच सालों में पाकिस्तान जिन हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है, उनमें से 81 फीसदी चीन के हैं।'

**लाइव लैब की तरह कर रहा था हथियार टेस्ट:** उन्होंने कहा कि चीन अपने हथियारों के साथ अन्य हथियारों को टेस्ट कर रहा था। वह लाइव लैब की तरह हथियारों को परख रहा था। तुर्किये ने भी पाकिस्तान को सपोर्ट करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने बताया कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच DGMO स्तर की वार्ता हो रही थी तो उस वक्त पाकिस्तान को हमारे वेक्टर्स के लाइव अपडेट्स चीन से मिल रहे थे। हमें मजबूत एअर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है, जिससे भविष्य की चुनौतियों का सामना किया जा सके।

**'हमारे स्वदेशी हथियारों ने किया बेहतरीन काम':** उप सेना प्रमुख ने कहा कि संघर्ष के दौरान हमारे कुछ स्वदेशी हथियारों ने बेहतरीन काम किया। लेकिन कुछ ने नहीं भी किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को चीन से लाइव इनपुट मिल रहे थे। हमें इस पर तेजी से काम करना होगा।

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, 'जहां तक इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर की बात है, हमें हमारे एअर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत करना होगा। हमारे पास इजरायल की तरह आयरन डोम नहीं है। उस तरह की लग्जरी हमारे पास नहीं है क्योंकि हमारा देश बहुत बड़ा है और इन चीजों में बहुत पैसे लगते हैं।'

**'करनी होगी भविष्य की तैयारी':** उप सेना प्रमुख ने कहा कि हमें भविष्य की तैयारी करनी होगी और भविष्य के लिए तैयार रहना होगा। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 7 मई की रात पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए थे। हालांकि, पाकिस्तान के सारे ड्रोन और मिसाइलों को भारतीय एअर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया था और पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया था।

## टाटा कॉलेज के चांसलर, स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी समेत 34 लोगों पर मुकदमा

**नई दिल्ली, 04 जुलाई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC), बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों का एक गहरा जाल शामिल है। इस सनसनीखेज मामले में भ्रष्टाचार और नियमों में हेरफेर का खुलासा हुआ है। सीबीआई ने 34 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का कर्मचारी और NMC के निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल हैं।

**भ्रष्टाचार पर सीबीआई का बड़ा एक्शन**

**सामने आए कई बड़े नाम:** इस घोटाले में कई बड़े नाम भी सामने आए हैं। इसमें टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी. पी. सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के चेयरमैन रवि शंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया शामिल हैं।

सीबीआई ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिसमें हस्ष्ट के तीन डॉक्टर शामिल हैं। इनपर आरोप है कि इन्होंने नया रायपुर के रावतपुरा इंस्टीट्यूट को फायदा पहुंचाने के लिए 55 लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक, यह पूरा घोटाला स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिन्होंने बेहद गोपनीय दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी को बिचौलियों के जरिए मेडिकल कॉलेजों तक पहुंचाया। इसके बदले मोटी रिश्वत ली गई।

इन अधिकारियों ने NMC के निरीक्षण की प्रक्रिया को भी प्रभावित किया। उन्होंने निरीक्षण की तारीखों और निरीक्षकों की जानकारी पहले ही कॉलेजों को दे दी, जिससे कॉलेजों को धोखाधड़ी की साजिश रचने का मौका मिला। एफआईआर में स्वास्थ्य मंत्रालय के पूनम मीना, धर्मवीर, पीयूष माल्याण, अनूप जैसवाल, राहुल श्रीवास्तव, दीपक, मनीषा और चंदन कुमार का नाम है। ये लोग गोपनीय फाइलों को ढूंढते थे और वरिष्ठ अधिकारियों की टिप्पणियों की तस्वीरें खींचकर बिचौलियों तक पहुंचाते थे। इस जानकारी ने मेडिकल कॉलेजों को नियमों को तोड़-मरोड़ कर अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका दिया।

## श्रीकृष्ण जन्म भूमि-शाही ईदगाह मामले में हिंदू पक्ष को झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की अर्जी

**प्रयागराज, 04 जुलाई।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले पर हिंदू पक्ष को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। शाही ईदगाह को अयोध्या के रामजन्मभूमि की तरह विवादित ढांचा घोषित करने की अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने 23 मई को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट के समक्ष कहा था कि वहां पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका। न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड। न कोई टैक्स दिया जा रहा। यहां तक कि बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ हो चुकी है, फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? पक्षकार ने इसके लिए मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला दिया था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह मस्जिद केस के मंदिर पक्षकार ने बताया कि हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को ये प्रार्थना पत्र दिया था।

इस पर न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र के न्यायालय में बहस पूरी हो चुकी है। न्यायालय ने अपना ऑर्डर रिजर्व कर लिया। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि चार जुलाई को कोर्ट का निर्णय आएगा। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के बैनर तले देश भर में हिंदू चेतना यात्राएं निकली जा रही हैं। इसे लेकर मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर अपनी आपत्ति दर्ज की थी।

# शहीद-ए-कर्बला को किया याद

तरूणमित्र न्यूज

**भदोही।** मोहर्रम के 8वीं तारीख यानी

**हजारों की संख्या में शामिल रहे अकीदतमंद**

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रही पुलिस**

शुक्रवार को नगर जमुंद मोहल्ले से दुलदुल कमेटी के अध्यक्ष अख्तर खां के नेतृत्व में दुलदुल का ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया। जुलूस में युवाओं संग बच्चों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं काफी संख्या में बुजुर्ग भी जुलूस में शामिल रहें। जुलूस को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

इस दौरान दुलदुल का जुलूस नगर के जमुंद मोहल्ले से निकलकर गोरियाना, पचभैया, मलिकाना, कसाई टोला से अपने परंपरागत रास्ते से होते हुए मेन रोड तकिया कल्लन शाह के पास पहुंचा। वहां पहुंचने में दुलदुल को शाम हो गई। उसके बाद दुलदुल का जुलूस अज़ीमुल्लाह चौराहा, भरत तिराहा से कर्बला पहुंचा। दुलदुल जुलूस में काफी संख्या में नौजवान ढोल-नगाड़े के साथ शामिल हुए। जो कुछ-कुछ दूर पर झुंड बनाकर ढोल-ताशे बजाते रहें। डीजे के साथ तो सैकड़ों की संख्या में युवा या हुसैन या हुसैन के नारे बुलंद करते हुए चल रहे थे। दुलदुल के जुलूस को देखने और उसे दूध-जलेबी खिलाने के लिए सड़कों के किनारे से लेकर लोगों के घरों के चबूतरे तक महिलाओं के साथ ही साथ पुरुषों की काफी भीड़ देखी गई। अकीदतमंदों ने दुलदुल को दूध-जलेबी खिलाकर व नीबू लेकर मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हो गई थी। उनके द्वारा चादर व चांदी का पंजा चढ़ाया गया। मन्नतें मांगने वालों में मुस्लिम सहित हिंदू महिलाओं की भी संख्या कम नहीं थी। वें भी अपनी आस्था लिए दुलदुल के आने का इंतजार कर रहीं थीं। जैसे ही दुलदुल उनके पास पहुंचा तो उनके द्वारा दूध-जलेबी खिलाकर मन्नतें मांगी। जुलूस में अखाड़ा के भी खिलाड़ी शामिल रहें। जो बीच-बीच में अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते रहें। अकीदतमंदों ने दुलदुल का जुलूस निकालकर शहीदा-ए-कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दुलदुल जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

इस मौके पर सभासद गुलाम हुसैन संजरी, अलाउद्दीन इमरान खां, फखरे संजरी, अजीज खां बाबू, गुड्डू संजरी, फैसल खां, शाहिद सिद्दीकी, खुर्शीद खां, हैदर संजरी, अफजल खां, अल्तमश अंसारी, सोनू बाबा, कमाल खां, असलम खां, बदरे आलम, अमान खां, सेराजर्रसूल सिद्दीकी, औरंगजेब अंसारी, क़य्यूम खां, आसिफ खां, वमिक शेख, नौशाद अली, शमशेर खां, शेर खां, हसनैन सिद्दीकी, छोट्टन खां, जिया सिद्दीकी, गुलाब राइन, सैफुल्लाह अंसारी, चांद बाबू, फ़तेह खां, आदि लोग उपस्थित रहें।

## गंगा नदी में डूबे किशोर का मिला शव

**लालगंज, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजापुर ग्राम पंचायत के कलवारी दादर निवासी 14 वर्षीय किशोर गुरुवार को चिल्ह थाना क्षेत्र के शिवाला घाट पर गंगा में नहाते समय डूब गया था। शुक्रवार दोपहर बाद किशोर का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचने पर स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के राजापुर ग्राम पंचायत के कलवारी दादर निवासी मोहम्मद इलियास का 14 वर्षीय पुत्र इमरान चिल्ह थाना क्षेत्र के एक मदरसे में पढ़ता था। गुरुवार दोपहर बाद दो छात्र कहीं घूमने निकल गए। मौलवी ने दोनों छात्रों को बुलाने के लिए इमरान को भेजा। इमरान दोनों छात्रों के साथ शिवाला घाट गंगा में स्नान कर रहा था कि गहरे पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद दोनों छात्रों ने भाग कर इमरान के डूबने की खबर मौलवी के दी।

## ट्रक में पीछे से टक्कर मारने से दूसरा ट्रक चालक घायल

**लालगंज, मीरजापुर।** हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मारने से एक ट्रक चालक घायल हो गया। हादसा शुक्रवार को थाना क्षेत्र के वस्तरा पांडे गांव स्थित पेट्रोल टंकी के सामने हुआ। घायल को मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। वहीं ट्रक मध्य प्रदेश से वाराणसी की ओर जा रहा थी। जैसे ही वह वस्तरा पांडे के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को सिर में चोट आई।

हालांकि हाईवे के ड्राइवर को चोट नहीं आई क्योंकि वह ढाबे में बैठकर चाय पी रहा था। घटना में कर्नाटक के ससैड़ी सौरौती गांव निवासी 28 वर्षीय हनुमंत घायल हुआ। चिकित्सक डॉ पंकज ने बताया कि घायल की हालत सामान्य थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# धान की रोपाई करने गए श्रमिक की बिगड़ी तबीयत, मौत

## परिजन ने जहरीले जंतु के काटने की जताई आशंका

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव निवासी 40 वर्षीय श्रमिक बुद्धिराम कोल की गुरुवार शाम को धान की रोपाई करते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन जहरीले जंतु के काटने की आशंका में झाड़ फूंक और दवा पिलाने के लिए करनपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। श्रमिक बुद्धिराम कोल गुरुवार शाम चार बजे के करीब कोलहा गांव में धान की रोपाई कर रहा था उसी दौरान उसके मुंह से झाग निकलने लगा और चक्कर आने लगा।खेत पर मौजूद अन्य श्रमिकों ने उसे घर पहुंचाया। देर शाम परिजन जहरीले जंतु के काटने की आशंका में दवा पिलाने और झाड़ फूंक के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। प्रधान पति शिव सागर पाल ने बताया कि श्रमिक को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया था परिजन उपचार के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था दो पुत्र और दो पुत्री हैं।मृतक के भाई रमेश कोल की सूचना पर पुलिस ने श्रमिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि मृतक के जहरीले जंतु के काटने की आशंका पर मृतक के भाई की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बीडीओ ने साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी

**हलिया, मीरजापुर।** खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने किसानों को समितियों से उचित मूल्य पर खाद की बिक्री किए जाने को लेकर गुरुवार को भटवारी डिघिया साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने समिति पर खाद उपलब्ध नही होने पर नाराजगी जताई। सचिव रमाकांत मौर्य ने बताया कि खाद मंगाई गई है। जल्द ही समिति पर खाद उपलब्ध हो जाएगी। बीडीओ ने परिसर में कीचड़ और जलजमाव होने तथा समिति पर बने शौचालय के क्रियाशील नही होने पर सचिव को फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने के लिए निर्देशित किया। बीडीओ ने हलिया बाजार स्थित प्रतीकात्मक लघु एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण किया और मौजूद किसानों से खाद बिक्री के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ ने खाद विक्रेता को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद बिक्री करने का निर्देश दिया। भटवारी दिघिया सहकारी समिति पर जल्द से जल्द खाद मंगाने के लिए सचिव को निर्देशित किया। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि भटवारी दिघिया सहकारी समिति व प्रतीकात्मक लघु एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति हलिया का निरीक्षण किया गया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इंजानी में गुरुवार की रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से खपरैल के घर मे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार भीम सिंह पुत्र स्वर्गीय श्याम बिहारी सिंह उम्र 24 वर्ष खाना खाकर प्रतिदिन की तरह अपने कमरे में सोने चला गया इसी बीच लगातार हो रही बारिश के दौरान गरज चमक के साथ बज्रपात हुआ और मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर शुक्रवार को पहुँची बीजपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।बताया गया कि रात में तेज बारिश हो रही थी और भीम सिंह अपने बिस्तर पर मोबाइल चला रहा था इसी बीच गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसी की चपेट में आ गया। बताया गया कि घटना के समय बाकी परिजन घर के दूसरे कमरे में थे आवाज सुन परिजन मौके पर पहुँचे तब तक युवक की मौत हो गयी थी। बताया गया कि युवक की अभी शादी नही हुई थी। बज्रपात से हुई मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया पूरे परिवार में मातम का माहौल है। परिजनों ने तहसील दुद्धि के राजस्व विभाग से मौका जाँच करा कर आपदा राहत कोष से सहायता की माँग की है। एसएचओ अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पहुँची है विधिक कार्रवाई के बाद शव पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

## सिवान में युवक का शव मिलने से सनसनी

**मड़िहान/मीरजापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र के खरीहट गांव के सिवान में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भिड़ जुटने लगी। सूचना के बाद घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि युवक की पहचान अखिलेश पटेल उर्फ छोटू (22) पुत्र शिवकुमार पटेल निवासी पजरा थाना संतनगर के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल से साक्ष्य जूटा रही है। मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में कार्यकारी विकास कार्यक्रम संपन्न

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** एनटीपीसी की उत्तरी क्षेत्र की परियोजनाओं से आए अधिकारियों के लिए आयोजित दो-सप्ताहीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का समापन बीते वृहस्पतिवार को आरएलआई विंध्याचल में हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के नेतृत्व कौशल को निखारने और उन्हें भावी भूमिकाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफलतापूर्वक पूर्णता के लिए बधाई दी और अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति के साथ ज़िम्मेदारियों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी नई भूमिका को अपनाने और संगठन के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी अत्यंत लाभकारी रहा। कक्षाओं में हुए गहन चर्चा सत्रों के साथ-साथ बांधवगढ़ की दो दिवसीय अनुभवात्मक यात्रा ने उन्हें व्यवहारिक

दृष्टिकोण और टीम भावना से अवगत कराया। कुछ प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर एक विशिष्ट सत्र शामिल किया जाए ताकि कार्यक्रम तकनीकी प्रगति के अनुरूप और अधिक प्रभावशाली हो सके।

प्रत्येक प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह स्वरूप 'एटॉमिक हैबिट्स' (लेखक जेम्स क्लियर) पुस्तक भेंट की गई, जिसे सभी ने आत्म-विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. देबस्मिता त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष (आर एल आई) द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर आर एल आई विंध्याचल द्वारा संजीब कुमार साहा, ए.जे.राजकुमार और राजशेखर पाला को उनके नवीन पदों पर पदोन्नति हेतु सम्मानित किया गया। समारोह में सतेंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक दृ प्रचालन एवं एफएम, देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक-तकनीकी सेवाएँ और राघवेन्द्र प्रसाद,उप महाप्रबंधक-आर एल आई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। मनीष कुमार, एक प्रतिभागी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था, विषय वस्तु तथा आतिथ्य के लिए आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन रविकांत राम्मिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एल आई) ने प्रभावशाली ढंग से किया। यह कार्यक्रम न केवल नेतृत्व निर्माण का प्रतीक रहा, बल्कि एनटीपीसी की सतत विकास और मानव संसाधन उन्नयन की प्रतिबद्धता का भी सशक्त प्रमाण बना।

## दो बाइक सवार आपस मे भिड़े

**बीजपुर( सोनभद्र )।** शुक्रवार दोपहर झमाझम हुई बरसात के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में झटका खाकर विपरीत दिशा में जा रही दो बाइक सवार आपस मे भीड़ गए।इस भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पीआरबी डायल 112 पुलिस ने दोनों को उठा कर एनटीपीसी के धन्वंतरि हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टरों ने एक कि हालत गम्भीर देखते हुए उसको अन्यत्र रेफर कर दिया। वहीं एक का इलाज जारी है। रेणुकोट बीजपुर सड़क मार्ग पर एक बाइक पर त्रिभुअन पुत्र मानशाह उम्र 35 वर्ष निवासी सिरसोती दूसरी बाइक पर छोटेलाल पुत्र ललई उम्र 45 निवासी पिण्डारी सेवकामोड दोनों विपरीत दिशा में जा रहे थे कि इसी बीच गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली के झटके में डर से हड़बड़ा कर दोनों आपस मे भीड़ गए।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को किया जाये लाभान्वित : डीएम

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** डीएम बद्रीनाथ सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की, समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, कौशल विकास मिशन के तहत ब्लाक चतरा में योजनाओं से संतृप्त करने की प्रगति व इन्डीकेटर्स की समीक्षा किये, जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड चतरा में आये बदलाव का स्थलीय परीक्षण भी किया जाये और इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रति सप्ताह प्रस्तुत की जाये और ब्लाक में किये जा रहे। कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाये, उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को 'अन्त्योदय' की संकल्पना का जीवन्त उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खण्ड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिएं हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लाक क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए और नियमित अनुश्रवण हो, जनपद, ब्लॉक या व्यक्ति को विकास के लाभ से वंचित न रखा जाए।

**सूचना :** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 5117407 की उत्तीर्ण छात्रा हूं। मेरे मूल अंक पत्र—सह—प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम चंद्रभान गौंड एवं मेरा नाम ममता गोंड हो गया है जो गलत है। मेरे पिता का सही नाम चंद्रभान गोंड एवं मेरा नाम ममता है।

ममता पुत्री चंद्रभान गोंड
निवासी ग्राम व पोस्ट सिकरारा
तहसील सदर, जनपद जौनपुर।

# डीएम ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारियों के साथ की बैठक

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी

**स्वच्छता, सफाई आदि कार्यों में की जाये व्यवस्था**

(सीएसआर) अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद किया गया, तथा जनपद में औद्योगिक इकाईयों द्वारा कराये जा रहें सीएसआर के कार्यों के अनुमोदन, स्वीकृति तथा अनुश्रवण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गयें। उन्होंने कहा कि कम्पनी अधिनियम 2015 की धारा 135 मे सीएसआर के सम्बन्ध में यह व्यवस्था दी गयी है कि प्रत्येक वह कम्पनी जिसका नेटवर्थ 500 करोड़ या उससे अधिक है अथवा टर्नओवर 1000 करोड़ अथवा अधिक है, अथवा नेट प्रॉफिट 5 करोड़ अथवा अधिक है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में गत तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सी0एस0आर0 के कार्यकलापों में व्यय करना होगा। उपायुक्त

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

उद्योग यह सुनिशिचित कर लें कि उपरोक्त मानको के अन्तर्गत वर्तमान की सी0एस0आर0 इकाईयों के अतिरिक्त यदि अन्य कोई इकाई भी सम्मिलित होती हो, तो उसे भी डाटाबेस में ले लिया जाये, जनपद सोनभद्र में स्थापित प्रत्येक सीएसआर कम्पनी के द्वारा सीएसआर धनराशि का व्यय जनपद में ही कार्यों में किया जायें, प्रत्येक सीएसआर कम्पनी वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, तथा 2024-25 में कराये गये कार्यों तथा सम्बन्धित वित्तीय वर्षों में दो प्रतिशत सी0एस0आर0 धनराशि के रूप में कितनी धनराशि उपलब्ध थी, के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, शासनादेश के द्वारा जनपद में सीएसआर कार्यों के अनुश्रवण व सहायता हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

उक्त समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाये, समस्त औद्योगिक इकाईयों के द्वारा प्रस्तावित्त सीएसआर के कार्यों की स्वीकृति/अनुमोदन जनपद स्तरीय समिति के द्वारा प्राप्त किया जायेंगा, किसी भी परियोजना का चयन तथा उसका क्रियान्वयन जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन के बिना ना किया जायें, जनपद स्तरीय समिति के द्वारा औद्योगिक इकाईयों के द्वारा कराये जा रहें सीएसआर के कार्यो का अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाये, जनप्रतिनिधियों तथा एनजीओ व अन्य किसी संस्था से प्राप्त सीएसआर कार्यों के प्रत्येक प्रस्तावों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये, जिला स्तरीय समिति के निर्णय के अतिरिक्त व्यक्तिगत रूप से किसी विभाग/अधिकारी/संस्थान से प्राप्त किसी प्रस्ताव पर औद्योगिक इकाई द्वारा कोई कार्यवाई ना की जाये, इस प्रकार से प्राप्त समस्त प्रस्तावों को जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन हेतु अवश्य प्रस्तुत किया जायें, जनपद में सीएसआर के कार्यों के अनुश्रवण हेतु बने पोर्टल बेतण्जमबीदर्वेंचमतेण्बवउ के सर्वर प्राप्त करने की कार्यवाही जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा एनआईसी के माध्यम से कर ली जायें, समस्त प्राप्त प्रस्तवों को पोर्टल पर भी अपलोड़ किया जाये, प्रत्येक औद्योगिक इकाई द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में औद्योगिक संस्थान के पास सीएसआर के कार्यों हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध है।

# फीता काटने में मस्त हैं नेता, किसानों को नहीं मिल रही खाद

## किसान मंच के नेता ने जिलाधिकारी से डीएपी खाद उपलब्ध कराने की किया मांग

**सोनभद्र।** खेती बाड़ी के मौसम शुरू होते ही एक तरफ अच्छी बरसात को देखते हुए किसानों में उत्साह है, तो तमाम किसान धान की रोपाई करते देखे जा रहे हैं और कुछ तो रोपाई की तैयारी में लगे हुए हैं। लेकिन सोनभद्र में किसानों के सामने खाद की समस्या विकराल समस्या बन खड़ी हो गयी है। पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के नेता गिरीश पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि सोनभद्र के साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों में खेती-बाड़ी को लेकर निराशा देखने को मिल रही है। किसान नेता ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए मांग किया है कि सरकारी खाद केंद्रों पर किसानों के लिए डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है जबकि खुले बाजार में ऊंचे दाम पर डीएपी उपलब्ध होना जिम्मेदार अधिकारियों की मंशा एवं कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

ऐसे में उन्होंने जनपद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर तंज कसते हुए कहा कि किसानों को नहीं मिल रही खाद जिम्मेदार नेता फीता काटने में हैं व्यस्त। किसान नेता ने एक्स हैंडल पर जिलाधिकारी से सोनभद्र में किसानों को समयानुसार शीघ्र डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग किया और प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि यदि शीघ्र साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को डीएपी व अन्य आवश्यक खाद बीज उपलब्ध नहीं करवाया गया तो पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच एवं पूर्वांचल नव निर्माण मंच जिम्मेदार विभागों के खिलाफ मोर्चा खोल कर किसान हित में धरना प्रदर्शन करेगा।

**अदालती सम्मन**
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
अपील सं0- 49 सन् 2024 ई0
अपील अंतर्गत धारा- 35 (2) उ0प्र0रा0सं0 2006
विरूद्ध आदेश नायब तहसील कोलअसला
राजेश कुमार बनाम अरूण कुमार
ता.पेशी-09.07.2025 जवाब/तनकीह
बनाम-1- अरूण कुमार पाठक पुत्र रमाकान्त पाठक निवासी ग्राम- हीरामनपुर, परगना कोलअसला, तहसील पिण्डरा, जनपद वाराणसी, 2- लालमनी देवी पत्नी लालचन्द प्रजापति निवासिनी मौजा- पौनी (सोहनी), परगना केराकत, तहसील केराकत, जनपद जौनपुर।
बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 09 माह 7 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।
वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
ग्राम न्यायालय तहसील केराकत, जिला जौनपुर
वाद संख्या- 239/ 2017
साहेबराज बनाम रामबिहारी
ता.पेशी-07.07.2025 जवाब/तनकीह
बनाम-1- रामबिहारी पुत्र जोखन, 2- ओमप्रकाश, 3- शिवप्रकाश पुत्रगण राजाराम, 4- सूबेदार पुत्र भूलई सा0मौ0 तीयारी, पोस्ट जयगोपालगंज, पर0 व तह0 केराकत जौनपुर।
बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 07 माह 7 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।
वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर जौनपुर
धारा- 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ग्रा0 जमुहाई, पर0 हवेली, तह0 सदर, जिला जौनपुर
लालदेई बनाम सरकार
ता.पेशी-10.07.2025 जवाब/तनकीह
बनाम-1- सीतारा बेगम पत्नी सीराज अहमद ग्राम इतौरी, पर0 अगुली, तह0 शाहगंज जौनपुर, 2- ग्रामसभा जरिए प्रधान जमुहाई पर0 हवेली, तह0 सदर जौनपुर।
बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 10 माह 7 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।
वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
बमुकदमा नं0- सन् 2025 ई0
ब्रह्मदेव सिंह बनाम मनोज सिंह वगै0
ता.पेशी-22.07.2025 जवाब/तनकीह
बनाम-1- मनोज सिंह पुत्र स्व0 शमशेर बहादुर सिंह, 2- विनोद सिंह पुत्र शमशेर बहादुर सिंह, 3- ओमप्रकाश, 4- जयप्रकाश पुत्रगण स्व0 भगवन्ता सिंह, 5- दमयन्ती सिंह पत्नी स्व0 प्रमोद सिंह, 6- आद्याशंकर सिंह पुत्र स्व0 प्रमोद सिंह, 7- प्रदीप सिंह, 8- अमर बहादुर सिंह, 9- समर बहादुर सिंह पुत्रगण स्व0 रणधीर सिंह, 10- चम्पा देवी पत्नी रणधीर सिंह सभी निवासीगण मौजा- सरसवां परगना शिवपुर जिला वाराणसी, 11- चन्द्रशेखर सिंह पुत्र स्व0 रामनाथ सिंह निवासी खरदहाँ, परगना कटेहर, तहसील पिण्डरा जिला वाराणसी, 12- गांव पंचायत रैसीपट्टी, परगना अठगावां तहसील पिण्डरा जिला वाराणसी बजरिये ग्राम प्रधान गांव पंचायत उपरोक्त, 13- सरकार उत्तर प्रदेश बजरिये कलेक्टर वाराणसी।
बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 22 माह 7 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।
वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक 04 माह 07 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**
सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक पिण्डरा, वाराणसी
वाद सं0 8303 सन् 2024 ई0
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी.202414700208303
अन्तर्गत धारा- 166 उ0प्र0रा0सं0 2006
मौजा अनौरा, परगना अठगॉवा, तहसील पिण्डरा, जनपद वाराणसी
मंजीत सिंह वगैरह बनाम मुन्नालाल वगैरह
ता.पेशी-09.07.2025 जवाब/तनकीह
बनाम-1-मुन्नलाल, 2- पन्नालाल पुत्रगण बसन्तू, 3- छोटेलाल, 4- प्यारेलाल, 5- राधेश्याम पुत्रगण गुद्दर निवासीगण मौजा अनौरा, परगना अठगॉवा, तहसील- पिण्डरा, जनपद वाराणसी 6- योगेन्द्र सिंह, 7 लवकुश, 8- अजीत, 9- अरूण, 10- योगेश चन्द्र, 11- अनिल पुत्रगण हीरालाल निवासीगण मौजा सिंहपुर, परगना शिवपुर, तहसील सदर, जनपद वाराणसी, 12- ग्राम पंचायत अनौरा बजरिये ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अनौरा परगना- अठगॉवा, तहसील- पिण्डरा, जनपद वाराणसी।
बावजह हो कि ..... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 09 माह 7 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।
वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**ई-निविदा सूचना**

**(1) अल्पकालिन ई-निविदा संख्या- 08- ई0टी0डी0(जौ0)/2025-2026-** विद्युत पारेषण खण्ड, जौनपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मुंगराबादशाहपुर पर स्थापित 132 के0वी0 सी.टी. व पी.टी. को बदलने के कार्य हेतु। निविदा खुलने की तिथि 21.07.2025, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/-जी0एस0टी0 सहित। धरोहर राशि रू0 2,000/- (रू0 दो हजार मात्र)। निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण जैसे निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इ

# नवनिर्मित पुलिस बूथ पर गरजा बुलडोजर, पल भर में हुआ जमींदोज

## ☐ हाईकोर्ट के आदेश पर चारा गाह की जमीन से जेसीबी लगाकर कराया गया ध्वस्तीकरण

**जौनपुर।** किरतापुर सेवईनाला के पास चारा गाह की जमीन पर बने नव निर्मित पुलिस बूथ को हाई कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार शाम जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की देखरेख में हुई इस कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच मई को जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर सेवईनाला में सीओ सिटी देवेश सिंह व तत्कालीन थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव द्वारा एक नए पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया था। लेकिन उसी भूमि को किरतापुर निवासी राम बुझारत यादव ने 'चारा गाह' की जमीन बताते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल कर दी थी। हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद तीन जुलाई को आदेश पारित करते हुए पुलिस अधीक्षक एवं वर्तमान थाना प्रभारी जफराबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त पुलिस बूथ को तत्काल प्रभाव से चारा गाह की भूमि से हटवाया जाए।

अदालती आदेश का अनुपालन करते हुए शुक्रवार शाम को तहसीलदार सदर सौरभ कुमार और थाना प्रभारी जफराबाद विश्वनाथ प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की निगरानी में जेसीबी मशीन लगाकर पुलिस बूथ को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्यवाही प्रशासनिक सख्ती और न्यायालयीय निर्देशों के अनुपालन का स्पष्ट संकेत दे रही है। वहीं ग्रामीणों के बीच भी यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।

# दुकान में सेंध लगाकर हजारों की चोरी

**जौनपुर।** मां शीतला चौकियां धाम नयी मण्डी पुलिस चौकी के समीप 100 मीटर दूरी पर चुनी चोकर की दुकान में बीती रात चोर सेंध लगाकर 40 हजार रूपये निकाल लिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुनीपुर निवासी राजेन्द्र यादव की पशुचारे की दुकान है। बीती शाम दुकान बन्द करके अपने घर चले गये। सुबह जब दुकान खोले तो पीछे की सेंध लगायी गयी दिवाल खुली देख दंग रह गये। वहीं दुकान के अन्दर रखी पेटी में रखे 40 हजार रुपये चोरों ने निकाल लिया। दुकानदार के अनुसार दुकान में रखे सभी सामान सुरक्षित हैं। केवल गल्ले की पेटी में रखे 40 हजार रूपये चोर ले गये। दुकानदार ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस जांच—पड़ताल में जुट गयी है। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर चौकी प्रभारी ईश चन्द्र यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए कंट्रोल रूम नंबर : सभापति

## सभी उपकेंद्रों पर अधिकारियों और लाइनमैन के नंबर अवश्य चस्पा होने चाहिए

अधिकारियों के साथ बैठक करते सभापति।

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जाँच समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य डा. रतनपाल सिंह, सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदस्य विजय बहादुर पाठक, जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं समिति के साथ आए हुए अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने सभापति और सदस्यगण का पुष्प गुच्छ देकर, अंगवस्त्रम कर सम्मानित किया गया।

समिति के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया गया। बैठक के दौरान सभापति व समिति के सदस्यगण ने जनपद में ट्रांसफार्मर की मरम्मत, जनपद में औसत विद्युत आपूर्ति का विवरण, विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति व उसके रख-रखाव की व्यवस्था, 1912 पर विद्युत से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व मीटर रीडिंग से से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की, मीटर रीडरों के तैनाती और संख्या के संबंध में जानकारी ली। बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि विद्युत समस्या से सम्बन्धित उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाये, 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में जाँच समिति द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उसका अनुपालन अधिकारीगण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करेंगें। बैठक में मुख्य अभियन्ता मुकेश बाबू, अधीक्षण अभियंता रमेश चंद, रामदास अधिशासी अभियंता शुभम मिश्र, अधिशासी अभियंता आशीष कुमार चौहान, अधिशासी अभियंता अमित वर्मा, अधिशासी अभियंता वीके सिंह, सभी नगर के उपखण्ड अधिकारी, प्रवर्तन दल अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने किया सीडा औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण

**जौनपुर।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीडा/जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा सीडा औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सीडा में कराये गये विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। सीडा में क्रियाशील हो रही नई इकाई हॉकिन्स कूकर्स लि0 का निरीक्षण किया गया साथ ही आवासीय कालोनी के अन्तर्गत निर्मित पार्क का निरीक्षण के दौरान पार्क को हरा-भरा रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पौध रोपण कराये जाने तथा इसके साथ ही सीडा कार्यालय परिसर में किये जा रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सीडा में बद पड़ी इकाइयों को नोटिस जारी करने तथा जिन औद्योगिक भूखण्डों पर आवंटन के उपरान्त अब तक कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया ऐसे भूखण्डों को नोटिस जारी कर आवंटन निरस्त करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नवागत औषधि निरीक्षक रजत पांडेय का किया गया सम्मान

**जौनपुर।** नवागत औषधि निरीक्षक रजत पांडेय का सम्मान व चंद्रेश द्विवेदी का बिदाई किया गया। केमिस्ट एंड कॉस्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजन एक होटल में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी ने जनपद के समस्त केमिस्टों का अपने कार्यकाल में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा अपने कार्यकाल का विस्तार पूर्वक वर्णन किया एवं नवागत औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने सभी केमिस्टों से विस्तार पूर्वक दवा व्यवसायियो को शासन मंशा व नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आप नकली दवाएं एवं बिना बिल की दवाए बिल्कुल न खरीदें नारकोटिक दवाएं नियमानुसार विक्रय करें। दुकान पर फूड लाइसेंस व दुकान का लाइसेंस अनिवार्य रूप से उचित स्थान पर लगा रहना चहिए। अंत में एशोसिएशन के अध्यक्ष लल्लन यादव व महामंत्री सुभाषचंद्र मौर्य ने लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रमोद वाचस्पति ने किया। संगठन के वरिष्ठ सहयोगी वीरेंद्र मिश्र विराट, राजय यादव, दिलीप गुप्ता, विद्या भूषण पांडेय, सुनील कुमार चौरसिया, भूपेंद्र सिंह, नागेंद्र पांडेय, धीरज मौर्य, राजीव जौहरी, संजय मौर्य, अमित मौर्य, इरफान अहमद, मोहम्मद लतीफ, श्रवण दुबे, जयप्रकाश यादव सहित समस्त एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# बयालसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य का अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ के रूप में हुआ चयन

**जलालपुर।** क्षेत्र के बयालसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा पाठ्यक्रम समिति में अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किए जाने पर जैसे ही सचिव माध्यमिक परिषद के द्वारा बधाई पत्र प्राप्त हुआ पूरे विद्यालय में हर्ष का माहौल हो गया। विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य को बधाई दी। इस क्रम में वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार शर्मा, डा. कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि इससे विद्यालय का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य बधाई के पात्र हैं। आपके द्वारा पूरे क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया गया है। हम सभी विद्यालय परिवार की तरफ से आपको साधुवाद एवं बधाई देते हैं। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से 2024 (06 वर्षो) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा आवाम अधिकार जागरण पार्टी, ग्राम-सरोखनपुर, निकट सरकारी अस्पताल (सीएचसी) पोस्ट-बदलापुर, को ''कारण बताओ नोटिस'' जारी किया गया है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपरोक्त पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी ''कारण बताओ नोटिस'' पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है।''कारण बताओ नोटिस''के सम्बन्ध में उक्त पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ 14 जुलाई तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ को उपलब्ध करा सकते है एवं सुनवाई हेतु नियत 21 जुलाई, को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं।

# सद्भावना ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्री परेशान

**जौनपुर।** आनंद विहार टर्मिनस से रक्सौल जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 14008) के बोगियों की स्थिति वास्तविकता को रेलवे द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक पर स्लीपर कोचों को पीछे और वातानुकूलित कोचों को आगे दिखाया गया था, जबकि ट्रेन के आगमन पर स्थिति ठीक उलट थी—स्लीपर कोच सबसे आगे और एसी कोच सबसे पीछे थे। इस भ्रम के कारण यात्रियों में ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़ी होते ही बुजुर्ग, महिलाएं व बीमार यात्री प्लेटफार्म पर इधर-उधर दौड़ते नजर आए। कई यात्रियों की ट्रेन छूटने की स्थिति बन गई, हालांकि वे किसी तरह से अलग-अलग बोगियों में चढ़कर यात्रा पर जा सके। जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि स्टेशन का डिस्प्ले सिस्टम पिछले कई महीनों से खराब है, और इसके संचालन पर निर्देशात्मक रोक है। बावजूद इसके, गलत जानकारी देकर यात्रियों को संकट में डाला जा रहा है। बता दें प्रशासनिक लापरवाही के चलते जौनपुर सिटी स्टेशन पर आए दिन यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। डिस्प्ले सिस्टम को तत्काल दुरुस्त कराया जाना अतिआवश्यक है।

# दो शातिर गिरफ्तार, मोबाइल समेत तमंचा कारतूस बरामद

**जौनपुर।** थाना सरपतहां पुलिस द्वारा वादी के पाही से एक व बाइक के डिग्गी मे रखी मोबाइल फोन चोरी कर ले जाने वाले दो शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक मो0सा0, मोबाइल, एक तमंचा व एक कारतुस .315 बोर बरामद। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह थाना सरपतहां के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में मै उ0नि0 उ0नि0 गिरिश मिश्र मय हमराह हे0का0 राधेश्याम व हे0का0 सुबाष यादव व क्राइम टीम स्ढ चन्द्रमा पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय व थाना क्राइम टीम सुरेश कुमार सिंह का0 अंकित राय व का0 पवन यादव के चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना अभियुक्त अक्षत सिंह सत्य प्रकाश सिंह भिखनापुर सरपतहां 13 जून को वादी के पाही पर से अज्ञात चोरो द्वारा वादी की मोटर साइकिल व मोटर साइकिल के डिग्गी के अन्दर रखी मोबाइल फोन को चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 150/25 धारा 303 (2) बी0एन0एस0 दिनाँक 16.06.2025 को पंजीकृत किया गय।

# पुलिस मुठभेड़ की हो रही मजिस्ट्रीयल जांच

**जौनपुर।** उपजिलाधिकारी मड़ियाहूँ ने अवगत कराया है कि 18 मई को थाना चन्दवक में अपराधियों से पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में वादी सत्य प्रकाश सिंह प्रभारी निरीक्षक चन्दवक द्वारा थाना चन्दवक पर मु0अ0स0-136/2025, धारा-109 (1) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम बनाम सलमान पुत्र मुसाफिर निवासी कोढवां थाना जलालपुर, नरेन्द्र यादव पुत्र हौसिला प्रसाद यादव निवासी रमना थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी, राजकुमार उर्फ गोलू पुत्र संकठा यादव निवासी टडियापार थाना अलीनगर चन्दौली, राहुल यादव पुत्र तहसीलदार यादव निवासी तालाबेला थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी, राजू यादव पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात, आजाद यादव पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात पंजीकृत किया गया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अपराधी सलमान पुत्र मुसाफिर घायल हो गया था जिसे चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं के द्वारा की जा रही है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को सूचित किया है कि नोटिस तामिला/ प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर तहसील मड़ियाहूं स्थित उपजिलाधिकारी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना मौखिक/ अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण में मौखिक साक्ष्य अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियो के नाम एवं प्रस्तुत सूचना को गोपनीय रखा जायेगा।

# अचानक ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने से मची भगदड़

**जौनपुर।** वाराणसी से अहमदाबाद के मध्य चलने वाली साबरमती ट्रेन का जौनपुर जंक्शन पर अचानक प्लेटफार्म बदलने से यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की को बड़ी घटना नहीं हुई क्योंकि जीआरपी और आरपीएफ जवान यात्रियों को संभालने में लग गए।

सूत्रों द्वारा बताया गया कि वाराणसी से चलकर अहमदाबाद तक जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 19168 जौनपुर जंक्शन पर लगभग एक ही नंबर पर आती है इसीलिए यात्री प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन के आने की प्रतीक्षा करते हैं लेकिन शुक्रवार ट्रेन के आने के पहले पूछताछ केंद्र से अनाउंस किया जाने लगा कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन दो नंबर प्लेटफार्म पर आ रही है जिसके चलते यात्रियों में अपराध आफरी के साथ भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई जिसमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे और भारी भरकम सामानों को लेकर लोग इधर-उधर दौड़कर कोई ओवर ब्रिज के रास्ते तो कोई रेलवे लाइन पार कर दो नंबर प्लेटफार्म पर पहुंची रहे थे कि अचानक एक नंबर ट्रेन के आने का अनाउंस होने लगा। पुरे यात्री एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंचने में दौड़ते नजर आए हालांकि अचानक प्लेटफार्म बदलने से हुई यात्री भगदड़ को लेकर आरपीएफ और जीआरपी के जवान सुरक्षा की दृष्टिकोण से मोर्चा संभालते हुए एक एक यात्रियों को ट्रेन पर सवार करवाने में सफल रहे। फिर भी कई यात्रियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतें हुई। ट्रेन लगभग 3:58 पर प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हुई और इसी कारण के चलते 4:10 पर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। हालांकि इस संबंध में यातायात निरीक्षक नवीन कुमार राय से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमें किसी ऐसी बात की जानकारी नहीं है हालांकि प्लेटफार्म बदलने का कार्य विषम परिस्थिति में किया जाता है।

# वर्षों पुराना चकमार्ग विवाद समाप्त, शुरू हुआ निर्माण कार्य

**जौनपुर।** सिरकोनी विकास खण्ड के सादीपुर गांव में वर्षों से लंबित चकमार्ग (चकरोड) विवाद का आखिरकार समाधान हो गया। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नीरज जायसवाल की सक्रिय पहल से इस विवाद का पटाक्षेप हुआ और मौके पर ही चकरोड निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव की निवासी सरस्वती देवी पत्नी अजय कुमार द्वारा लंबे समय से चकमार्ग को लेकर प्रार्थनापत्र दिए जा रहे थे। लेखपाल द्वारा कई बार भूमि की पैमाइश भी की गई, लेकिन सीमावर्ती ज़मीन के मालिकों द्वारा आपत्ति किए जाने के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को बीडीओ नीरज जायसवाल स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके साथ लेखपाल हनुमान प्रसाद गुप्ता, ग्राम सचिव श्यामबहादुर यादव और ग्राम प्रधान सुनीता देवी भी मौजूद रहे। बीडीओ ने मौके पर पैमाइश करवाई और फिर अपनी उपस्थिति में मनरेगा मजदूरों को बुलवाकर चकमार्ग निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता और बीडीओ के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बताया।

# प्रशान्त उपाध्याय युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत

प्रशांत उपाध्याय।

**जौनपुर।** स्थानीय दीवानी न्यायालय के युवा अधिवक्ता एवं विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़कर समाजसेवा करने वाले प्रशान्त उपाध्याय को नयी जिम्मेदारी मिल गयी। यह जिम्मेदारी संयुक्त अधिवक्ता महासंघ द्वारा युवा जिलाध्यक्ष के रूप में दी गयी जिसकी घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिनाथ पाठक एडवोकेट ने स्वयं किया है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि बार एसोसिएशन के कर्मठ एवं जुझारू अधिवक्ता श्री उपाध्याय को संगठन के प्रति निष्ठा एवं लगन को ध्यान में रखते हुये प्रान्तीय अध्यक्ष शरदेन्दु चतुर्वेदी के प्रस्ताव एवं प्रान्तीय महामंत्री महेन्द्र प्रसाद शर्मा की संस्तुति पर महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गयी। वहीं इसकी जानकारी होने पर जनपद के तमाम अधिवक्ताओं ने प्रशान्त उपाध्याय को बधाई देते हुये महासंघ हाईकमान के इस निर्णय की सराहना किया। उधर नवचयनित युवा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि निष्पक्ष रूप से पूर्ण निष्ठा, लगन एवं समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। साथ ही अधिवक्ता हितों सहित संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण सहयोग भी प्रदान करूंगा। शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करके महासंघ हाईकमान को अवगत भी करा दिया जायेगा।

# स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जिला प्रशासन को ज्ञापन देने जाते स्कूल बचाओं संघर्ष समिति के लोग।

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5000 सरकारी स्कूलों को बंद या विलय करने के निर्णय का विरोध तेज हो गया है। जौनपुर में सरकारी स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। विकास खंड बदलापुर में कम छात्र संख्या के कारण पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहितियापुर को 26 जून से बंद कर दिया गया। यह कार्रवाई स्कूल विलय की अंतिम तिथि 30 जून से पहले की गई। अभिभावकों को छात्र संख्या बढ़ाने का अवसर नहीं मिला। पहितियापुर गांव की स्थिति विशेष है। गांव के दक्षिण और पूर्व में पीली नदी व जंगल है। उत्तर में हाईवे बाईपास व रेल लाइन है। पश्चिम में हाईवे व बाजार है। स्कूल को तीन किलोमीटर दूर सिंगरामऊ में विलय किया गया है।

अभिभावकों का कहना है कि दुर्गम रास्तों के कारण बच्चे दूर के स्कूल नहीं जा पाएंगे। संविधान का अनुच्छेद 45 राज्य को 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का निर्देश देता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, अनुच्छेद 21 के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा मौलिक अधिकार है। अभिभावकों ने कहा कि छात्र संख्या के आधार पर स्कूल बंद करना अलोकतांत्रिक है। यह शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि पहितियापुर सहित अन्य सरकारी स्कूलों को बंद न किया जाए।

# जूनियर हाईस्कूल के मर्जर किये जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**जौनपुर।** सिरकोनी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर का मर्जर करने को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने विद्यालय को पुन: चालू करने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की बिल्डिंग काफी जर्जर हो चुकी थी।

पिछले सत्र के बीच मे ही लगभग छह माह पूर्व इस विद्यालय को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर में अटैच कर दिया गया था। उस समय विद्यालय में 35 बच्चे थे। अधिकारियों ने कहा था यहां जल्द नया भवन बनेगा। इस सत्र में गांव के लगभग 75 बच्चे हो जाते। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि गांव में पुन: स्कूल को खोला जाए। नए भवन का निर्माण होते ही विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय का भवन खराब हो चुका था। इस लिए बीबीपुर विद्यालय से अटैच किया गया था। हालांकि विद्यालय में बच्चों की संख्या काफी कम रहती थी।

# स्कूली वाहनों के खिलाफ चला सघन चेकिंग अभियान

**जौनपुर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में एक से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चार जुलाई को परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 46 स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसमें आठ वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन वाहनों का मौके पर चालान किया गया, जबकि गंभीर अनियमितताओं के चलते दो स्कूली वाहनों को थाने में निरुद्ध कर दिया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह एवं यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा ने किया। इस मौके पर जनपद के सभी स्कूल प्रबंधकों और वाहन स्वामियों से अपील की गई कि वे स्कूली वाहनों को नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार जारी रहेगा।

# बीआरसी रामनगर में मेडिकल असेसमेंट कैम्प आयोजित

**जौनपुर।** सर्वशिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय की देख-रेख में बीआरसी रामनगर में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुभाष गुप्ता की उपस्थिति में मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ। शिविर में हड्डी रोगी विशेषज्ञ डा. अजय सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. शेष कुमार मिश्रा, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डा. बृजेश कन्नौजिया, मनोचिकित्सक डा. राम प्रकाश, ऑडियोलाजिस्ट डा. सुरेन्द्र कुमार, जिला फिजियोथैरेपिस्ट डा. पीडी तिवारी रहे। कुछ 51 बच्चों ने प्रतिभाग किया जहां 30 बच्चों का डॉक्टर टीम ने प्रमाण पत्र बनाया। 11 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया। साथ ही 10 बच्चों को कैंसिल किया गया। जॉच के उपरान्त दिव्यांग बच्चों को लंच दिया गया। इस मौके पर डा. पीडी तिवारी ने बताया कि सभी बीआरसी में मेडिकल असेसमेंट कैम्प लगेगा। यह पहला कैम्प है। इस अवसर पर विशेष शिक्षक रमेश चन्द्र मौर्या, सीमा सिंह, रमाशंकर सिंह, विवेक सिंह, रेनू पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वृद्ध झुलसा

**जौनपुर।** पशुओं को चराते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वृद्ध झुलस गया उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भावसिंहपुर गांव निवासी नंदू यादव उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र धनपाल यादव गुरुवार देर शाम हो रही हल्की बारिश में खेत में पशुओं को चरा रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गए तुरंत परिजन उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र के राईपुर गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में साइकिल से जा रहे 40 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर नियमानुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल के मोर्चरी घर में लाश को रखवा दिया और मृतक की पहचान करवाने हेतु पुलिस जुटी हुई है। बताया गया है कि मृतक दो दिन पहले पटैला गांव के पास नशे में देखा गया था।

# पांच दिनों से जला है ट्रांसफार्मर, दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के उतिराई गाँव में स्थित विद्युत उपकेंद्र में लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर पिछले 5 दिनों से जला हुआ है। जिसके चलते उक्त उप केंद्र से जुड़े तीन दर्जन के लगभग गांव अंधेरे में डूबे पड़े हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलम्ब ट्रांसफार्मर बदले जाने कि मांग की है। बताया जाता है कि उक्त उप केंद्र से जुड़े बड़ेरी, महमूदपुर, उत्तर पट्टी, दबिलहा, पट्टी, नदियांव, साहोपट्टी, उतिराई, सरैया समेत लगभग तीन दर्ज़न गाँवो मे रहने वालो का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जहाँ शाम होने के बाद पूरा क्षेत्र अँधेरे मे डूब जाता है वहीं लोगों को व्यापार के साथ साथ घर गृहस्थी का काम काज भी प्रभावित हो गया है। विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही वहीं मोबाइल चार्ज न होने से लोग एक दूसरे से संचार भी स्थापित नहीं कर पा रहे। इस बाबत जेई धर्मेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाया गया है एक दो दिन मे समस्या से निजात मिल जायेगी।

# पप्पू माली दोबारा बने अपना दल एस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव

पप्पू माली

**जौनपुर।** अपना दल एस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने पप्पू माली पर दोबारा भरोसा जताया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पप्पू माली को दोबारा राष्ट्रीय सचिव पद का उत्तरदायित्व सौंपा है। पार्टी ने उनके समाज के विभिन्न संगठनों व सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान, गहरी और मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि व पैठ के चलते फिर से विश्वास किया है। संयुक्त श्रीमाली महासभा के राष्ट्रीय संयोजक के पद का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने, महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ-साथ समाज के विभिन्न मंचों को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत होने पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों का तांता लग गया है।

फिर से जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय सचिव ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, शीर्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक बोधिसत्व, यश: कायी डा. सोनेलाल पटेल व केंद्रीय मंत्री की मंशा पर सदैव खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीतियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सांगठनिक मजबूती के लिए जो भी महत्वपूर्ण एवं सार्थक कदम उठाने होंगे जरुर उठाएंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली, महाराष्ट्र के पूर्व गृ

# तरुणमित्र

शनिवार,05 जुलाई 2025

संवत- 2081, आषाढ़ शुक्ल पक्ष.- 10


## चीन को नसीहत

*उत्तराधिकार के मसले पर भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। 14वें दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी Gaden Phodrang Trust को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है।*

*वहीं, चीन का कहना है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। तिब्बत के लिए दलाई लामा केवल धार्मिक गुरु नहीं हैं- वह उसकी सांस्कृतिक पहचान, उसके वजूद और उसके ताकत के केंद्र हैं। 1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर जियो-पॉलिटिक्स का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है।*

*भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग तनाव का एक कारण यह भी है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।*

# सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है परंतु यदि वही एक से अधिक व्यक्तियों के सामूहिक कार्यों से किया जाए तो उनकी ताकत, बल, संसाधन,ज्ञान तेजी से कई गुना अधिक हो जाता हैजिसमें आने वाली हर चुनौतियों का मुकाबला कर सफलता पांनें की सटीक कुंजी है,यानें हम आपसी सहयोग कर एक संगठन बनाकर, जिसे सहकारी समिति कहा जाता है, कोई भी काम मजबूती से कर सकते हैं।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सहकारी समितियां "एक और एक ग्यारह" की तरह काम करती हैं क्योंकि वे सदस्यों के सामूहिक प्रयासों और सहयोग के माध्यम से अधिक ताकत और सफलता प्राप्त करती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सदस्यों की क्षमताएं सीमित हो सकती हैं, लेकिन जब वे एक साथ आते हैं और एक सहकारी समिति के रूप में काम करते हैं, तो वे अधिक संसाधन, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अधिक हासिल कर सकते हैं। संसाधनों का एकीकरण, जोखिम साझा करना, ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान, बार्गेनिंग पावर, सामुदायिक विकास क़ा लक्ष्य होता है, क्योंकि सब मिलकर कर रहे हैं, इसीलिए ही हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को हम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मना रहे हैं। चूँकि वैश्विक स्तरपर सहकारी उद्यनशीलता पारिस्थितिकी तंत्र प्रतिष्ठा को मजबूत करना, सहयोगपूर्ण कानून व नीतिगत कार्य मील क़ा पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है, सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संगम से सटीक सफ़लता की गारंटी हैँ, सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है।

साथियों बात अगर हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनानेकी करें तो सहकारिता- बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान हो रहा है- एक दुर्लभ, दशक में एक बार आने वाला अवसर,जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक लचीले समाजों के निर्माण में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है।

बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के दौर में, इस वर्ष की थीम बहुत कुछ कहती है। सहकारी समितियाँ- अपने सदस्यों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित व्यवसाय- यह दिखा रही हैं कि लाभ से पहले लोगों, ग्रह और उद्देश्य को प्राथमिकता देकर मजबूत समुदायों का निर्माण कैसे संभव है। स्वास्थ्य और आवास से लेकर कृषि, वित्त और स्वच्छ ऊर्जा तक, सहकारी समितियाँ वास्तविक दुनिया के समाधान प्रदान कर रही हैं जो समावेशी, लोकतांत्रिक और टिकाऊ हैं। कॉप्सडे 2025 दो प्रमुख वैश्विक प्रयासों से भी जुड़ता है- संयुक्त राष्ट्र का उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच, जो प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा कर रहा है, और सामाजिक विकास के लिए आगामी दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन। ये मील के पत्थर हमें याद दिलाते हैं कि सहकारी समितियाँ केवल स्थानीय समाधान नहीं हैं- वे बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं। सहकारी दिवस 2025 मनाने में हमारे साथ शामिल हों, और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें कि कैसे सहकारी समितियां बेहतर विश्व के लिए प्रगति में सहायक हो रही हैँ। इस वर्ष के आयोजन के उद्देश्य (1)जन जागरूकता बढ़ाएँ- सतत विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डालें। (2) वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना- सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मजबूत करना। (3) सहायक ढांचे की वकालत करना- वैश्विक स्तर पर सहकारी समितियों के लिए सक्षम कानूनी और नीतिगत वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना। (4) नेतृत्व को प्रेरित करना- उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व को बढ़ावा देना और युवाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल करना।

साथियों बात अगर हम सहकारिता को समझने की करें तो,सहकारिता आंदोलन सहकारी समितियों को ऐसे संघों और उद्यमों के रूप में स्वीकार किया गया है जिनके माध्यम से नागरिक अपने समुदाय और राष्ट्र की आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उन्नति में योगदान करते हुए अपने जीवन को प्रभावी ढंग से बेहतर बना सकते हैं। सहकारी आंदोलन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मामलों में एक विशिष्ट और प्रमुख हितधारक के रूप में भी मान्यता दी गई है। सहकारी समितियों का खुला सदस्यता मॉडल धन सृजन और गरीबी उन्मूलन तक पहुँच प्रदान करता है। यह सदस्यों की आर्थिक भागीदारी के सहकारी सिद्धांत से उत्पन्न होता है- 'सदस्य अपनी सहकारी समिति की पूंजी में समान रूप से योगदान करते हैं और लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित करते हैं। क्योंकि सहकारी समितियाँ पूंजी-केंद्रित नहीं बल्कि व्यक्ति-केंद्रित होती हैं, इसलिए वे पूंजी संकेन्द्रण को न तो कायम रखती हैं और न ही बढ़ाती हैं और वे अधिक निष्पक्ष तरीके से धन वितरित करती हैं। सहकारी समितियाँ बाहरी समानता को भी बढ़ावा देती हैं।

चूँकि वे समुदाय-आधारित हैं, इसलिए वे अपने समुदायों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं- पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक रूप से। यह प्रतिबद्धता सामुदायिक गतिविधियों के लिए उनके समर्थन, स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाने के लिए आपूर्ति के स्थानीय स्रोत और निर्णय लेने में देखी जा सकती है जो उनके समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करती है। स्थानीय समुदाय पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद, सहकारी समितियाँ अपने आर्थिक और सामाजिक मॉडल के लाभों को दुनिया के सभी लोगों तक पहुँचाने की आकांक्षा रखती हैं। वैश्वीकरण को सहकारी आंदोलन जैसे मूल्यों के एक समूह द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए, अन्यथा, यह अधिक असमानता और अतिरेक पैदा करता है जो इसे अस्थिर बनाता है। सहकारी आंदोलन अत्यधिक लोकतांत्रिक, स्थानीय रूप सेस्वायत्त, किन्तु अंतर्राष्ट्रीय रूप से एकीकृत है, तथा संघों और उद्यमों के संगठन का एक रूप है, जिसके तहत नागरिक स्वयं सहायता और अपने स्वयं के उत्तरदायित्व पर निर्भर रहते हैं, ताकि वे ऐसे लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें, जिनमें न केवल आर्थिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय उद्देश्य भी शामिल हैं, जैसे गरीबी पर काबू पाना, उत्पादक रोजगार सुनिश्चित करना और सामाजिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना।

साथियों बात कर हम 3 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में सहकारिता का यह कार्यक्रम करने की करें तो, नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा सहकारिता मंत्रालय और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत ऑर्गेनिक्स मेला 2025 का उद्घाटन किया। भारत ऑर्गेनिक्स मेला इस बात का उदाहरण है कि कैसे सहकारी मॉडल छोटे किसानों को सशक्त बना सकता है और भारतीय घरों तकसुरक्षित जैविक भोजन पहुँचा सकता है। एनसीओएल जैविक खेती को किसानों के साथ एक राष्ट्रीय जन आंदोलन में बदल रहा है। 19 राज्यों की 7,000 से अधिक सहकारी समितियों के साथ, भारत ऑर्गेनिक्स एक मजबूत, विश्वसनीय और समावेशी आपूर्ति श्रृंखला बना रहा है जो भारत के जैविक उत्पादकों को घरेलू और वैश्विक उपभोक्ताओं से जोड़ती है। एनसीओएल का लक्ष्य अगले दशक में घरेलू जैविक बाजार में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक बनना है और भारत के लिए किसान- स्वामित्व वाला, पारदर्शी और स्केलेबल जैविक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना जारी रखेगा।

साथियों बात अगर हम सहकारीता दिवस के इतिहास की करें तो, संक्षिप्त इतिहास सहकारी संस्था का सबसे पहला अभिलेख 14 मार्च 1761 में स्कॉटलैंड से मिलता है। 1844 में उत्तरी इंग्लैंड में कपास मिलों में काम करने वाले 28 कारीगरों के एक समूह ने पहला आधुनिक सहकारी व्यवसाय स्थापित किया। 16 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने संकल्प ए/आरईएस/47/90 में आधिकारिक तौर पर जुलाई 1995 के पहले शनिवार को पहला अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस घोषित किया। यह तिथि अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन की स्थापना की शताब्दी को चिह्नित करने के लिए चुनी गई थी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक सामाजिक राजनीतिक संगम हो तो सटीक सफ़लता की गारंटी, 103 वाँ अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई 2025- सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है, वैश्विक स्तरपर सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मज़बूत करना, सहयोगपूर्ण कानून, नीतिगत कार्य मील का पत्थर साबित होगा।


**-संकलनकर्ता लेखक-**
**क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए ( एटीसी ) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र- 9359653465**


## ...आज का दिन...

**मेष**- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

**वृषभ**- स्वाध्याय की ओर रुचि, घरेलू समस्याएँ पक्ष में सुलझने की ओर, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, बुद्धि-विवेक से किया गया कार्य लाभप्रद, कर्ज की निवृत्ति।

**मिथुन**- सामयिक कार्यों में अनुकूलता, वाक्पटुता से संकल्पसिद्धि, व्यापारिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, वैवाहिक जीवन में सुख शांति।

**कर्क**- भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, कार्य व्यवसाय में नुकसान, बनी-बनाई योजना किसी कारणवश अधूरी, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, भौतिक सुख में कमी।

**सिंह**- कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, आत्मिक शांति।

**कन्या**- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नव प्रयास सार्थक, वाद-विवाद में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रेमसम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।

**तुला**- स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मनोरंजन में रुचि।

**वृश्चिक**- समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा।

**धनु**- अधूरे व नवकार्यों की पूर्ति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**मकर**- बहुप्रतीक्षित योजना साकार होने की ओर, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, किसी के माध्यम से बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, सत्संग।

**कुम्भ**- समय संतोषजनक, आर्थिक व्यापारिक पक्ष में उन्नति का सुयोग, विवाद का निर्णय पक्ष में, परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, विरोधी पराभूत।

**मीन**- परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक लेन-देन से हानि।


**-: श्री विमल जैन :-**
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


## चंदौली

# कांवड़ यात्रा को लेकर चंदौली प्रशासन सतर्क, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद चंदौली में आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अनंत चंद्रेशखर के नेतृत्व में शुक्रवार को एक संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें रेलवे स्टेशन के सामने बबुरी रोड, मझवार रोड एवं जिला अस्पताल तक के एनएचएआई मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में उप जिलाधिकारी सदर दिव्या ओझा, सीओ सदर देवेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. सर्वेश गौतम, एनएचएआई अधिकारीगण एवं राजस्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से ठेले-खोमचे और बस-टेंपू स्टैंड स्थापित किए गए हैं, जो कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात बाधित कर सकते हैं। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनंत चंद्रेशखर ने तीन दिवस के भीतर स्वैच्छिक रूप से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समयावधि समाप्त होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर खुले में मांस बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि धार्मिक आस्था को ठेस न पहुंचे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि "कांवड़ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, इसलिए सभी विभागों का यह दायित्व बनता है कि वे यात्रा मार्ग को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।" उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिए कि वह गश्ती वाहन, एम्बुलेंस और ट्रैफिक स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करे। एसडीएम दिव्या ओझा ने भी संबंधित विभागों को सख्त लहजे में कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ओवरलोड पिकअप का संतुलन बिगड़ा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** एक तरफ डीएम के निर्देश पर एआरटीओ डॉक्टर सर्वेश कुशवाहा अनफिट व ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ नगर की सड़कों पर ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां ओवरलोड चल रही हैं। शुक्रवार की प्रात: नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 गांधी नगर में एक ट्रांसपोर्ट की ओवरलोड पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच एक तरफ झुक गई। संयोग अच्छा था कि कोई हताहत नहीं हुआ। बताते चलें कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों से प्रात: काल स्कूली बच्चों सहित स्कूल के वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। शुक्रवार की प्रात: पिकअप वाहन माल लेकर बाजार में जा रही थी।

इसी दौरान उक्त ओवरलोड ट्रांसपोर्ट की पिकअप नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 गांधी नगर में अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच एक तरफ झुक गई। इससे उक्त मार्ग अवरुद्ध हो गया। संयोग अच्छा था कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया। नगरवासियों ने बताया कि उक्त पिकअप कई बार नगर में अनियंत्रित हो चुकी है। नगरवासियों ने ओवरलोड ट्रांसपोर्ट के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग उच्च अधिकारियों से की है। लोगों का कहना था कि नगर पंचायत का उक्त वार्ड सबसे व्यस्ततम मार्ग है, जहां प्रतिदिन स्कूली वाहनों सहित विद्यालय के बच्चों का आना-जाना लगा रहता है।

## श्रावणी मेला पर 17 स्पेशल ट्रेनें और अतिरिक्त ठहराव की व्यवस्था

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** श्रावणी मेला के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। रेलवे की ओर से 9 जुलाई से 11 अगस्त 2025 के बीच 17 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

साथ ही मेला अवधि के दौरान जसीडीह और सुलतानगंज स्टेशनों पर विशेष ठहराव की व्यवस्था की गई है। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। रेलवे द्वारा 9 जुलाई से 11 अगस्त तक अलग-अलग तारीखों में 17 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें जयनगर, आसनसोल, रक्सौल, देवघर, दानापुर, साहिबगंज, गोंदिया, मधुपुर, सुलतानगंज, जमालपुर, गोड्डा, दुमका, बैद्यनाथधाम सहित विभिन्न स्टेशनों को जोड़ेंगी। इससे मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। श्रावणी मेले के दौरान जसीडीह स्टेशन पर अधिकतर मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव न्यूनतम 5 मिनट किया गया है। हालांकि, राजधानी, वंदे भारत, दूरंतो, जनशताब्दी, पूर्वा, गरीब रथ, हमसफर और अन्य सुपरफास्ट ट्रेनों को इस बदलाव से अलग रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुलतानगंज स्टेशन पर भी 4 जोड़ी ट्रेनों को 2 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

इसमें गया-कामाख्या एक्सप्रेस, यशवंतपुर-भागलपुर अंग एक्सप्रेस, भागलपुर-अजमेर एक्सप्रेस और मालदा टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस शामिल हैं। मेला अवधि में संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस, हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस, हावड़ा-जयनगर गंगा सागर एक्सप्रेस और सियालदह-बलिया एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच जोड़ने का निर्णय लिया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु आसानी से यात्रा कर सकें। रेल प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के लिए समय पर टिकट आरक्षित कराएं और किसी भी असुविधा से बचने के लिए आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

## महिला बाबू के भरोसे चल रहा है पूरा खनन विभाग

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले में खनन विभाग इन दिनों गहरे संकट में है। 23 जून 2025 को खनन अधिकारी गुलशन कुमार सहित विभाग के 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद से पूरा विभाग अस्त-व्यस्त हो गया है। मुकदमा गिट्टी से लदी ट्रकों से अवैध वसूली, चालान करने और मारपीट करने के आरोप में दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही गुलशन कुमार समेत उनका पूरा स्टाफ फरार चल रहा है और उनके मोबाइल फोन भी बंद हैं।

खनन विभाग के कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। अधिकारी की कुर्सी खाली है और अन्य दो बाबुओं की मौजूदगी भी नहीं है। विभाग में तैनात महिला लिपिक अनीता देवी का कहना है कि उनका भी किसी से संपर्क नहीं हो पा रहा है और अधिकारी कहां हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है। नतीजतन, पिछले 11 दिनों से जिले में खनन से जुड़े तमाम कार्य बाधित हैं। जरूरी फाइलें लंबित पड़ी हैं और आम जनता व खनन व्यवसाय से जुड़े लोग परेशान हैं। इस स्थिति का लाभ

**फरार हैं अधिकारी व कर्मचारी**

**खनन अधिकारी समेत 6 कर्मियों पर दर्ज है मुकदमा**

खनन माफिया जमकर उठा रहे हैं। खनन पर नियंत्रण नहीं होने के कारण कई जगहों से अवैध खनन की सूचनाएं मिल रही हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है कि खनन अधिकारी की जल्द गिरफ्तारी होगी या फिर वे तबादला कराकर जिले से बाहर चले जाएंगे। इस पूरे मामले को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने कहा है कि विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है ताकि जिले में खनन कार्य फिर से सामान्य हो सके।

उन्होंने यह भी बताया कि गुलशन कुमार की वर्तमान स्थिति की जानकारी के लिए विभाग से संपर्क किया जा रहा है, और आवश्यक कार्यवाही जल्द की जाएगी। खनन जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अधिकारियों की जिम्मेदारी अत्यधिक होती है। जब विभाग का पूरा संचालन ठप हो जाए और अवैध गतिविधियों को खुली छूट मिल जाए, तो यह न केवल शासन व्यवस्था के लिए चुनौती है बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी खतरा है। यह घटना जिले में सरकारी नियंत्रण की गंभीर कमी को उजागर करती है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिला प्रशासन और खनन विभाग मिलकर इस स्थिति से कैसे निपटते हैं। क्या फरार अधिकारियों की गिरफ्तारी होगी या विभागीय कार्रवाई कर उन्हें बर्खास्त किया जाएगा? फिलहाल खनन माफियाओं की चांदी कट रही है, लेकिन यदि कार्रवाई समय पर नहीं हुई, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## चंदौली की विद्युत व्यवस्था को लेकर विधान परिषद समिति की बैठक वाराणसी में सम्पन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था जांच समिति की जनपद चंदौली से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आज वाराणसी सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति श्री दिनेश गोयल ने की। साथ ही विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, जितेंद्र सिंह सेंगर, रतन पाल सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं रविशंकर सिंह बैठक में शामिल रहे। बैठक के आरंभ में चंदौली के जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे तथा मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर समिति का स्वागत किया।

बैठक में विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर मरम्मत, औसत बिजली आपूर्ति, उपभोक्ताओं के अनुरूप लोड संतुलन, खुले तारों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, बिजली

चोरी नियंत्रण एवं 1912 पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही मीटर रीडिंग की सटीकता और विजिलेंस की कार्यवाही पर भी चर्चा हुई। सभापति श्री गोयल ने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अभियंता नियमित निरीक्षण करें तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

शिकायती रजिस्टर सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे और प्रत्येक शिकायतकर्ता से फोन पर फीडबैक लेकर समाधान की पुष्टि की जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता से कार्य हो और रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। समिति ने विद्युत विभाग के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक के अंत में डीएम चंद्र मोहन गर्ग ने आश्वासन दिया कि समिति के निर्देशों का समयबद्ध पालन करते हुए छोटी-छोटी कमियों को जल्द दूर कर जनपद में सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता रवि चंद्र श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबार्ड के सौजन्य से फील्ड टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** शुक्रवार को नाबार्ड द्वारा संचालित कौशल विकास पहल कार्यक्रम के तहत फील्ड टेक्नीशियन (घरेलू उपकरण) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पूर्वांचल कंप्यूटर शिक्षक सेवा संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिजेंद्र कुमार (डीडीएम, नाबार्ड, चंदौली) एवं सुनील कुमार भगत (अग्रणी जिला प्रबंधक, चंदौली) रहे। कार्यक्रम में डीडीएम बिजेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों को नाबार्ड की प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम सृजन योजना व सीएम

युवा योजना के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण एवं अनुदान सहायता दी जाएगी।

उन्होंने युवाओं से तन्मयता से प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर सुनील कुमार भगत ने बैंकिंग योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, टर्म लोन, सीसी ऋण आदि की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बैंक सब्सिडी ऋण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देकर स्वरोजगार हेतु तैयार रहने का आह्वान किया।

संस्थान के प्रबंधक रामचंद्र ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को सरकार द्वारा प्रमाणित निशुल्क प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे आगे की सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। संस्था द्वारा प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार की दिशा में हर संभव सहायता एवं फॉलोअप ट्रैकिंग की जाएगी। कार्यक्रम में प्रशिक्षक रहमान, सुनील कुमार, शशि कुमार व सुनील कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम युवाओं को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बना रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# मण्डल स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वन महोत्सव-2025 हुआ आयोजित

□ मण्डलायुक्त एस राजलिंगम, डीआईजी एनडीआरएफ मनोज शर्मा, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, कमान्डेंट सीआरपीएफ राजेश्वर बालापुरकर ने लगाएं पौधे

पौधारोपण करते मण्डलायुक्त एस राजलिंगम, डीआईजी एनडीआरएफ मनोज कुमार शर्मा, वन क्षेत्रीय निदेशक डा. रवि कुमार सिंह, कमांडेंट सीआरपीएफ राजेश्वर बालापुरकर

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** डियर पार्क एवं चिड़ियाघर, सारनाथ में मण्डल स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वन महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी के मण्डलायुक्त एस राजलिंगम तथा विशिष्ट अतिथि डा रवि कुमार सिंह, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वाराणसी मण्डल, डीआईजी एनडीआरएफ मनोज शर्मा, कमान्डेंट सीआरपीएफ राजेश्वर बालापुरकर मौजूद रहे।वन महोत्सव कार्यक्रम का आरम्भ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण महाभियान-2025 की थीम ''एक पेड़ माँ के नाम'' के अन्तर्गत सिन्दूर के पौधे का रोपण कर सिन्दूर वाटिका की स्थापना की गयी।

वन महोत्सव कार्यक्रम में डा रवि कुमार सिंह, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वाराणसी मण्डल के साथ उपस्थित समस्त अधिकारीगणों द्वारा भी सिन्दूर के पौघ का रोपण किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम में डा रवि कुमार सिंह, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक द्वारा अपने सम्बोधन में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षो में कराये गये वृक्षारोपण से वन आच्छादित क्षेत्रों में निरन्तर वृद्धि हो रही है। साथ ही साथ उनके द्वारा जन मानस को पौध रोपण हेतु प्रोत्साहित करने तथा वृक्षारोपण महाभियान - 2025 को सफल बनाने की अपील की गयी। वन महोत्सव कार्यक्रम में वानिकी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु वन विभाग, सीमा टास्क फोर्स के जवान एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, तथा अन्य को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। इसी प्रकार अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक पौध रोपण कर उनको संरक्षित करने की बात कही गयी।कार्यक्रम में मनोज शर्मा, डीआईजी एनडीआरएफ, राजेश्वर बालापुरकर कमाण्डेन्ट, सीआरपीएफ, स्वाति प्रभागीय वनाधिकारी, राजन श्रीवास्तव रजिस्ट्रार आईआईटी0 बी0एच0यू0, सत्यम मोहन सीईओ छावनी परिषद, सीमा टास्क फोर्स के जवान एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधिगण मौके पर उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी व एडिशनल सीपी ने कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर दिए कई निर्देश

○ श्रद्धालुओं / कावड़ियों के लिए मोहनसराय से मोडेला तिराहा तक की बायीं लेन और सर्विस लेन आरक्षित रहेगी : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, एडिशनल सीपी शिवहरी मीणा कावड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण करते हुए। डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार, एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एडीसीपी ट्रैफिक अंशुमान मिश्रा सहित अन्य रहे मौजूद

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं / कावड़ियों को काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन, जलाभिषेक और सुचारू आवागमन को लेकर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने मोडेला तिराहा व मोहनसराय तक के कावड़ यात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से कावड़ यात्रा मार्ग के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुये कहा कि जो भी कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं उसे ससमय अवश्य पूर्ण कराया जाये। भास्कर पोखरे के निरीक्षण के दौरान मंदिर के महंत ने बताया कि अस्सी प्रतिशत से ज्यादा कांवड़िये यहीं रुककर पोखरे में स्नान करते हैं और खाना खाते हैं। ज्यादा भीड़ श्रावण मास के पहले सोमवार और नागपंचमी के एक दिन पहले होता है जिसपर जिलाधिकारी ने वहाँ की व्यवस्थाओं को परखा और पोखरे की खराब लाईटों को दुरुस्त कराने, परिसर की साफ़ सफाई और पोखरे की बैरीकेडिंग कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने पार्किंग-व्यवस्था के लिए भास्कर पोखरे से सटे मातादीन सुकुल इंटर कॉलेज परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था के लिए जगतपुर इंटर कॉलेज पर सहमति बनी। उन्होंने मोडेला तिराहा से मोहनसराय तक के रोड का निरीक्षण किया और कहा कि श्रद्धालुओं / कावड़ियों के लिए मोहनसराय से मोडेला तिराहा तक की बायीं लेन और सर्विस लेन आरक्षित रहेगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को मोडेला तिराहा और मोहनसराय सहित अन्य जरूरी स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिये। इस दौरान डीसीपी गोमती प्रमोद कुमार, एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एडीसीपी वरुणा नीतू कादयान, एडीसीपी ट्रैफिक अंशुमान मिश्रा ,पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के के सिंह सहित अन्य अधिकारी व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# महापौर व नगर आयुक्त ने मोहर्रम और सावन की तैयारियों के बाबत की समीक्षा बैठक

## तात्कालिक व्यवस्था के लिये सावन माह में 24 घंटे सड़कों पर रहकर सफाई करेंगे सम्बन्धित कर्मी

महापौर अशोक तिवारी व नगर आयुक्त अक्षत वर्मा मोहर्रम व सावन को लेकर नगर निगम के अफसरों संग समीक्षा बैठक करते हुए

तरुणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के द्वारा आज स्मार्ट सिटी के सभागार में आगामी दिनों पड़ने वाले मोहर्रम और सावन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गयी।महापौर के द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि ताजिया के मार्गो का परीक्षण तत्काल कर यदि कहीं सड़क मरम्मत या पैच वर्क कराने की आवश्यकता हो तो तत्काल करायें। नगर स्वास्थ्य अधिकारी और महाप्रबन्धक जलकल को निर्देशित किया गया कि ताजिया और जुलूस के मार्गो पर पर्याप्त सफाई, चूने छिड़काव तथा सीवर जाम की समस्या कहीं न होय यदि कहीं सीवर की समस्या प्रतीत होती है तो तत्काल जेटिंग मशीन या अन्य उपकरणों से साफ कराया जाय, साथ ही सभी स्थानों एवं मार्गो पर पर्याप्त मार्ग प्रकाश की व्यवस्था हेतु निर्देश दिये गये।

बैठक में महापौर के द्वारा आगामी सावन माह की तैयारियों की समीक्षा में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में प्रमुख 11 शिवालयों सहित सभी छोटे बड़े देवालयों, मंदिरों के आस-पास तथा आने जाने वाले मार्गो पर विशेष व्यवस्था की जाय, जिसके अन्तर्गत पैचवर्क, पर्याप्त सफाई, चूने का छिड़काव, मार्ग प्रकाश के साथ ही सीवर जाम की समस्या कहीं उत्पन्न न होने पाये। इस हेतु सभी विभाग अपने कर्मी 24 घंटे के लिये पूरे सावन माह में तैनात किया जायेगा, जिससे कि कहीं भी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उसका निस्तारण कराया जा सके।महापौर के द्वारा शहर में आने वाले सभी कांवड़िया मार्गो पर विशेष ध्यान दिया जाय, जिसके अन्तर्गत सभी मार्गो पर पैचवर्क, मार्गप्रकाश, शिविर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु पानी का टैंकर, सीवर लाइन की सफाई, कावंड़ मार्ग पर स्प्रीकंलर मशीन से पूरे सड़कों की धुलाई, लगातार सफाई व्यवस्था एवं चूने का छिड़काव कराया जाय। महापौर के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी कावंड़ शिविरों में दो प्रकार के डस्टबिन रखा जायेगा। महापौर के द्वारा नगर निगम की ओर से लगने वाले कांवरियों के कैम्पों में सभी सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में महापौर के द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि आज से नगर निगम के सभी अपर नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, मुख्य अभियन्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, महाप्रबन्धक जलकल, सहित उनके द्वारा स्वंय व नगर आयुक्त के साथ प्रतिदिन सुबह सात बजे से 9 बजे तक वार्डो का निरीक्षण करेगें तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों को सूचीबद्ध कर सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर शिकायतों का निस्तारण करायेगें। बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, सुभाष सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र, मुख्य अभियन्ता मोइनुद्दीन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, सचिव जलकल ओपी सिंह, समस्त जोनल अधिकारी, पशु कल्याण अधिकारी डा. संतोष पाल, सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, नगर निगम के पीरआरओ संदीप श्रीवास्तव, उद्यान अधीक्षक डा. वी.के सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# पुलिस कमिश्नर ने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल पुलिस लाइन स्थित बैरक का निरीक्षण करते हुए

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन का शनिवार को भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल परिसर के रूप में विकसित किये जाने के लिए सम्बन्धित अफसरों को निर्देशित किया। पुलिस कमिश्नर ने परेड ग्राउंड, आरओ प्लांट, ट्रेनिंग सेंटर, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण कर तथा सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर सतत निगरानी और रात्रि में स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और लापरवाही पर ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशिक्षण केंद्र में सुविधाओं की समीक्षा की और प्रशिक्षु आरक्षियों से संवाद कर उनकी जानकारी का आकलन किया गया।

मच्छरों से बचाव के लिए दवा छिड़काव और मच्छरदानी के अनिवार्य प्रयोग के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त लाइन प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन श्रुति श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन डॉ0 ईशान सोनी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# काशी विद्यापीठ बीएफए में 59 अभ्यर्थियों ने जमा किया ऑनलाइन शुल्क

□ बी.म्यूज. सहित 04 पाठ्यक्रमों की द्वितीय काउंसिलिंग 05 जुलाई को

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गुरुवार को बी.एफ.ए. पाठ्यक्रम में 66 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई, जिसमें 59 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन शुल्क जमा कर दिया। प्रवेश सेल के सदस्य प्रो. नलिनी श्याम कामिल ने बताया कि शुल्क जमा करने के बाद काउंसिलिंग स्थल पर ही छात्रों को परिचय पत्र एवं लाइब्रेरी कार्ड जारी किया गया। उन्होंने बताया कि 05 जुलाई को बी.कॉम. रिटेल आपरेशन्स मैनेजमेंट (ए.डब्ल्यू.डी.पी.), बी.ए. (आनर्स) मास कम्युनिकेशन, बी.म्यूज. एवं बी.ड्रामा की द्वितीय काउंसिलिंग होगी। वहीं, बी.कॉम. की काउंसिलिंग 08 व 09 जुलाई को निर्धारित है। उन्होंने कहा कि बिना गेट पास के काउंसिलिंग सेंटर में अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। काउंसिलिंग के बाद निर्धारित शुल्क उसी दिन ऑनलाइन (पे.टी.एम. गूगल पे. डेबिट कार्ड, यू.पी.आई. आदि) जमा करना होगा। नगद शुल्क जमा नहीं होगा। शुल्क जमा करने के बाद परिचय पत्र एवं लाइब्रेरी कार्ड काउंसिलिंग स्थल पर ही जारी किया जायेगा।प्रो. कामिल ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को ई-मेल पर लिंक भेजा गया है वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, सभी की एक सेट फोटो स्टेट, स्वयं की 06 पासपोर्ट साइज फोटो, अपनी कटेगरी का अद्यतन प्रमाण-पत्र सहित उक्त तिथियों में पूर्वाह्न 10:30 बजे निर्धारित स्थान पर ई-मेल पर भेजे गये लिक के माध्यम से गेट पास डाउनलोड कर उपस्थित होंगे।

## एम.लिब.आई.एस.सी. एवं बी.लिब.आई.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 17 जुलाई से

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अन्तर्गत संचालित एम.लिब.आई.एस.सी. एवं बी.लिब.आई.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर 2024-25 की परीक्षा 17 से 21 जुलाई तक आयोजित है। परीक्षा मध्याह्न 12 से 02 बजे तक मानविकी संकाय के थियेटर कक्ष में होगी। समय सारिणी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

# मुठभेड़ में गोली लगने से अंतर्जनपदीय शातिर गौ तस्कर घायल, गिरफ्तार

□ पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक खोखा व दो जिन्दा कारतूस समेत बाइक बरामद

**मुंगराबादशाहपुर।** पवारा पुलिस टीम ने मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय एक शातिर गौ तस्कर के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूश के साथ एक बाइक बरामद किया।

थानाध्यक्ष पवारा रमेश कुमार मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान चेंकिग की जा रही थी कि मुखबिर खास की इस सूचना पर कि एक बदमाश अपराध की घटना को अंजाम देने के लिये कुंवरपुर होते हुए बंधवा बाजार मीरगंज की ओर जाने वाला है। इस मिली सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराह द्वारा कुंवरपुर बंधवा मार्ग पर बरेठी नहर पुलिया के पास पहुँच कर आने वाले व्यक्ति का इंतजार करने लगे। थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति एक बाइक से आता हुआ दिखा। पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी देकर रोकने का इशारा किया गया। पुलिस बल को अचानक सामने देखते ही वह अपने असलहे से पुलिस बल को लक्ष्य साध कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। इस दौरान अन्य कोई उपाय न होने पर थानाध्यक्ष पवारा ने आत्मरक्षार्थ दो राउण्ड फायर किया। कुछ समय बाद बदमाश ने फायर करना जब बन्द कर दिया। उस समय सिखलाये हुये तरीके से आगे बढ कर देखा गया तो बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी थी। उसका नाम और पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाम मनोज यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी गौरा माफी, थाना आसपुर देवसरा, जिला प्रतापगढ़ बताया गया। पुलिस हिरासत में लेकर उपचार के लिए उसे अस्तपताल भेजवाया गया। इस संबंध में पवारा थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि यह काफी शातिर किस्म का गौ तस्कर है। इसके विरूद्ध पहले से ही आठ मुकदमे दर्ज हैं। इसके पास से एक पिस्टल, एक खोखा कारतूस, दो जिन्दा कारतूस 32 बोर समेत एक बाइक स्प्लेन्डर प्लस बगैर नम्बर प्लेट के बरामद किया गया है।गिरफ्तार करने वाली पवारा पुलिस टीम में पवारा थानाध्यक्ष रमेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, हे0का0 सर्वेश कुमार, का0 रामनिवास यादव, का0 संजय चौहान, का0 धनंजय यादव शामिल रहे।

# पुलिस बूथ खुलने से आपराधिक गतिविधियों पर लगेगा अंकुश : एसपी

## सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, आम जनमानस में पुलिस प्रती बढ़ेगा विश्वास

पुलिस बूथ का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक।

**खेतासराय।** पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित पुलिस बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर लगाम कसने में चौकी सहायक सिद्ध होगी।

शुक्रवार दोपहर तीन बजे पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ अपने काफिले के साथ नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंच गए। यहां उन्होंने नवनिर्मित पुलिस बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता एक दूसरे के पूरक हैं। इसीलिए दोनों को ही आपस मे सामंजस्य बनाकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। ऐसा होने से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी के स्थापित होने के बाद नगरवासियों और नेशनल हाईवे से गुजरने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित कर महिला संबधित अपराधों पर तुरंत संज्ञान लिए जाने हेतु आदेश दिया। साथ ही चौकी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने यूपी पुलिस हमेशा तत्पर है, अब यहां चौकी बन जाने से निश्चत ही अपराध पर नियंत्रण के साथ ही आमजनता का पुलिस से जुड़ाव स्थापित होगा। इस मौक़े पर एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, डिप्टी एसपी शाहगंज अजीत सिंह चौहान, एसडीएम कुणाल गौरव, थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, कस्बा चौकी इंचार्ज मोहम्मद तारिक अंसारी, उप निरीक्षक अनिल पाठक, लल्लू सिंह, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, नफीस अहमद, अम्बिका यादव, राजकुमार यादव, कांस्टेबल बृकेश यादव, अंकुश सिंह, शुभम त्यागी, महिला कांस्टेबल अंतिमा सिंह, बिंदू, आशा गुप्ता सहित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिन आवंटियों ने पूर्ण धनराशि जमा कर दी है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया हो तत्काल : सचिव डा. वेद प्रकाश

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा अधीनस्थों संग समीक्षा बैठक लेते हुए

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं संपत्ति संबंधी विषयों पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिनमें जिन आवंटियों द्वारा पूर्ण धनराशि जमा कर दी गई है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराई जाए तथा जिन आवंटियों द्वारा अभी तक धनराशि जमा नहीं की गई है, उन्हें नोटिस जारी करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिन आवंटियों की किस्त/धनराशि जमा करने की तिथि निकट है, उन्हें पूर्व सूचना देते हुए नोटिस जारी किया जाए, ताकि वे समयबद्ध रूप से भुगतान कर सकें।जो किरायेदार लंबे समय से किराया नहीं जमा कर रहे हैं, जिनकी दुकानें बंद हैं अथवा जो सिकमी किरायेदार हैं, ऐसे मामलों में संबंधित दुकानों को खाली कराकर प्राधिकरण द्वारा उनका पुनः अधिग्रहण किया जाए एवं नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। जिन आवंटियों द्वारा निर्धारित किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र नोटिस जारी करते हुए भुगतान के लिए सूचित किया जाए। अन्यथा स्थिति में उनके आवंटन को निरस्त कर दिया जाएगा। उक्त बैठक में संपत्ति अधिकारी, सहायक संपत्ति अधिकारी एवं पटल सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थानागद्दी बाजार के तीन सुनार भाइयों को एसओजी ने उठाया

## केराकत में दो सप्ताह पूर्व हुई लूट के मामले में संदेह के आधार पर हुई कार्रवाई

**थानागद्दी।** थानागद्दी बाज़ार में उस समय सनसनी फैल गई जब गुरुवार रात एसओजी टीम ने एक के बाद एक करके तीन सगे सुनार भाइयों को उठा लिया। सादी वर्दी में आई टीम ने पहले संजय सेठ, फिर विजय सेठ और अंत में अजय सेठ को पकड़ लिया। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सबसे पहले संजय सेठ को, जो पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का बताया जा रहा है, घर से उठाया गया। इसके बाद उसके भाई विजय सेठ और फिर अजय सेठ को वाराणसी मार्ग पर से हिरासत में लिया गया। तीनों भाइयों की गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को भी नहीं दी गई, जिससे वे बेहद परेशान और डरे हुए हैं। पुलिस विभाग की ओर से हालांकि कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो इन तीनों को केराकत कोतवाली क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व हुई एक लूट की घटना में संदिग्ध मानते हुए पूछताछ के लिए उठाया गया है। स्थानीय व्यापारियों और आमजन में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि जांच जरूरी थी, तो परिजनों को सूचना देकर उचित तरीके से कार्रवाई की जाती, जिससे भय का माहौल न बनता। फिलहाल एसओजी और केराकत पुलिस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन इस अचानक हुई कार्रवाई ने बाजार में हलचल जरूर बढ़ा दी है।

## बाधित रहेगी विद्युत उपकेंद्र जलालपुर और सेहमलपुर की लाइन

**जलालपुर।** 33 केवी लाइन जमा योजना अंतर्गत कुंवर हरिवंश सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज जगरनाथपट्टी जगदीशपुर परिसर से शिफ्ट किया जाना है। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त कार्य हेतु पांच जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम दो बजे तक 33 केवी जलालपुर लाइन से पोषित विद्युत उपकेंद्र जलालपुर और विद्युत उपकेंद्र सेहमलपुर से निर्गत समस्त 11केवी की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जेई कृपा शंकर पटेल व उपखंड अधिकारी जलालपुर मनीष कुमार ने दिया है।

# पांच दिन से उतिराई विद्युत उपकेंद्र के 500 गांव अंधेरे में

## पांच एमवीए के एक ट्रांसफार्मर से आपूर्ति पूरी तरह से है बंद

**मछलीशहर।** बड़ेरी बाजार के समीप स्थित विद्युत उपकेंद्र उतिराई में स्थापित पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर जलने के कारण 5दिन से लगभग 500 गांवों में अंधेरा छाया है। उमस भरी गर्मी से जहां लोग परेशान हैं वहीं पर दैनिक कार्य भी थम गया है।

बड़ेरी बाजार निवासी व्यवसाई राजेंद्र प्रसाद जायसवाल,माता प्रसाद जायसवाल,संजय जायसवाल रमेशचंद्र, गुलाबचंद, डा. तिलेश्वेश्वर नाथ आदि ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर अधिकारियों को तत्काल जानकारी दी गई किंतु पांच दिन बाद भी समस्या हल नहीं हुई है। बिजली नहीं मिलने से क्षेत्र के 500 गांव में हाहाकार मचा हुआ है। किसान, व्यवसाई और आम ग्रामीण सभी परेशान हैं। खासकर छोटे बच्चों और मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। मामले की बाबत विद्युत उपकेन्द्र उतिराई के अवर अभियंता धर्मेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि पांच एमवीए का एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू है दो दिन में नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने की उम्मीद है। वर्तमान में बारी बारी से क्षेत्र में आपूर्ति की जा रही है।

# जनपद के आम उत्पादक को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित आम महोत्सव में जनपद के बरौली ग्राम विकासखंड बदलापुर निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र त्रिवेणी सिंह को आम की बागवानी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उनके अथक प्रयासों और नवाचारी बागवानी तकनीकों का प्रमाण है, जिन्होंने उन्हें आम उत्पादन में एक मिसाल के रूप में स्थापित किया है। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ''यह मेरे और मेरे परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना मेरे बागवानी के प्रति समर्पण को और मजबूत करता है।'' उन्होंने विशेष रूप से उद्यान विभाग के सहयोग को स्वीकार करते हुए बताया कि विभाग ने उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने अनिल कुमार सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। यह सम्मान जनपद के किसानों और औद्यानिक क्षेत्र को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, विशेषकर बागवानी जैसे क्षेत्रों में जहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं। अनिल सिंह का सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उन सभी किसानों के लिए एक प्रेरणा है जो लगन और सही मार्गदर्शन से औद्यानिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मड़ियाहूं।** विद्यालयों के विलय के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अरुण सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षकों, छात्रों व उनके अभिभावकों ने विधायक डॉ आर. के पटेल को ज्ञापन सौंपा। जिसमे विद्यालय से छात्रों की बढ़ती दूरी, रसोइयों का रोजगार छीनने और विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन कर प्रधानाध्यापक के पद समाप्त करने का उल्लेख करते हुए इस आदेश को वापस लेने की मांग की गयी। इस अवसर पर रवि चंद यादव, अनुराग तिवारी, संतोष सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, कमलेश यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# केराकत स्टेशन पर सभी ट्रेनों का हो ठहराव

**केराकत।** केराकत रेलवे स्टेशन से हो कर गुजरने वाली लंबी दूरी की सभी ट्रेनों के ठहराव की मांग जोर पकड़ती जा रही है। इस सम्बन्ध में शिवसेना के जिला संगठन प्रभारी नितिन सोनकर ने रेलमंत्री को पत्र लिख कर इस पुरानी मांग को दोहराया है। पत्र में ट्रेनों के ठहराव के साथ ही स्टेशन पर आरक्षण की सुविधा ,सी सी टी वी कैमरा और जी आर पी चौकी की स्थापना करने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि केराकत तहसील मुख्यालय स्टेशन है,और सैकड़ों गांव के लोगों का आवागमन यहां से होता है। ऐसी हालत में जन हित को ध्यान रखते हुए ठहराव आवश्यक है।

# फैमिली आईडी कार्ड से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना होगा आसान

- जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से फैमिली आईडी कार्ड बनवाने का किया अपील
- सरकार के मंशानुरूप अध्यासित सभी परिवारों का बनाया जा रहा फैमिली आईडी
- 12 अंकों वाला कार्ड में होगा पूरे परिवार का ब्यौरा

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एक परिवार एक पहचान के तहत फैमिली आईडी कार्ड जारी कर रही है। फैमिली आईडी के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा।

यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा। केंद्र और राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है। उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन, अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं। फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत 12 अंको का नंबर जारी किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना अब आसान होगा इससे लोगों को आय, जाति और निवास व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भाग-दौड़ नहीं करना पड़ेगा। राशन कार्ड धारकों के लिए कार्ड पर अंकित नंबर ही फैमिली आईडी नम्बर है, जबकि राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए भी फैमिली आईडी पंजीकरण की व्यवस्था की गई है. ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वे फैमिली आईडी की वेबसाइट पर जाकर नि:शुल्क फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम सचिव के माध्यम से तथा शहरी क्षेत्र के आवेदनों का सत्यापन उप जिलाधिकारी के द्वारा लेखपाल के माध्यम से किया जाता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि लाभार्थी परक योजनाओं से संबंधित विभागों जैसे समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग, प्रोबेशन, कृषि विभाग आदि योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वे फैमिली आईडी द्वारा इन सभी योजना में लाभ प्राप्त कर सकते है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में सभी परिवारों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लक्ष्य को सक्षम करने के लिए परिवार आईडी योजना लागू कर रही है।

फैमिली आईडी के तहत, सरकार राज्य में प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी करेगी, राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित करेगी जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र घर को लाभ के सक्रिय वितरण को सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। फैमिली आईडी पोर्टल उन परिवारों को 12 अंकों की विशिष्ट परिवार आईडी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है जो राशन कार्ड धारक नहीं है। फैमिली आईडी सरकार से लाभ प्राप्त करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली प्रणाली साबित हो रहा है। फैमिली आईडी लाभार्थी पहचान के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं के सक्रिय वितरण को सक्षम करेगा और नागरिकों की सरकारी प्रणालियों तक पहुंच में सुधार करेगा। फैमिली आईडी योजना राज्य में सभी परिवारों की एक व्यापक दृश्यता प्रदान करेगी जो बदले में उन व्यक्तियों को योजनाएं ध् सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी जो पात्र है लेकिन लाभ से बाहर हैं।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश के अध्यासित सभी परिवारों की फैमिली आईडी बनाया जा रहा है अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर फैमिली आईडी प्राप्त करें। शासन द्वारा इस भ्रांति को भी दूर कर दिया गया है कि जिन लाभार्थियों का फैमिली आईडी बना है, यदि वह राशन कार्ड बनाये जाने की अर्हता रखते हैं तो वह राशन कार्ड भी बनवा सकते है।

कैसे करें फैमिली आईडी के लिए आवेदन नजदीकी जन सुविधा केन्द्र /पंचायत कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते है। स्वयं आवेदन हेतु फैमिली आईडी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है। परिवार के सभी सदस्यों का आधार एवं मोबाइल नम्बर आधार से लिंक होना अनिवार्य है। आवेदन के समय परिवार के सभी परिवार के सभी सदस्यों का मोबाइल पर आये ओटीपी के माध्यम से ई केवाईसी करना है। फैमिली आई.डी. पोर्टल पर आधार नम्बर के साथ लॉगिन करने पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध है तो आवेदक दिए गए टैब पर क्लिक करके अपना फैमिली आईडी प्रिन्ट/डाउलोड कर सकते हैं।

## अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रत्येक माह रोजगार मेले का किया जा रहा है आयोजनः प्रधानाचार्य

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मऊ।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरुण कुमार ने बताया कि आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय मण्डलीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें देश की प्रतिष्ठित विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियों टाटा मोटर्स लिमिटेड अहमदाबाद, पद्मिनी वीएनए मेकाट्रोनिक लिमिटेड गुडग्राम हरियाणा, हैवल्स इण्डिया लिमिटेड राजस्थान , न्यू हालैण्ड इण्डिया लिमिटेड नोएडा, अरिहन्त स्पिनिंग मिल्स, मलेरकोटला, पंजाब, विवो मोबाईल लिमिटेड ग्रेटर नोएडा द्वारा प्रतिभाग किया गया।रोजगार मेले में 800 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कंपनियों के साक्षात्कार के माध्यम से 300 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। नोडल प्रधानाचार्य अरूण यादव ने बताया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रत्येक माह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मेला प्रभारी योगेन्द्र यादव, अखिलेश कुमार, रमेश यादव,जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, बन्दना मौर्या, अनीता साहनी, रहमान सर, कुशाग्र सिंह, रूबी वर्मा, ठाकुर जी शर्मा, हरीओम कृष्ण शर्मा, अंजनी कुमार मौर्य, निर्भय सिंह, उमाकान्त यादव, सचिन्द्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, मृत्युंजय पाण्डेय, गोविन्द वर्मा, आदित्य पाण्डेय, आदि।

## कर्बला के शहीदों की याद में निकला मेहँदी का जुलूस

**तरुणमित्र न्यूज**

**घोसी ( मऊ )।** स्थानीय नगर के बड़ागाँव के शिया मुहल्ले में मुहर्रम की सातवीं को शौहदायें कर्बला की याद में मजहबी रस्मो रिवाज के साथ मेहँदी का जुलूस निकाला गया जो पूरी रात जारी रहा। बताते चले कि गुरुवार की रात्रि में लगभग 9 बजे इमाम हुसैन के भतीजे जनाबे कासिम की याद में मेंहदी का जुलूस अब्बासी बीबी के फाटक से बरामद हुआ। वहीं दूसरा जुलूस बड़ागाँव बाजार इमाम चौक से निकाला गया जो चौक से राम जानकी मंदिर से होते हुए निमतले पहुंचा। वही अकीदत मंदो ने जमकर नोहखानी व मातम किया। दोनों जुलूस निमतले आकर एक हो गया और वहाँ से जुलूस फिर वापस बाजार में इमाम चौक पर सुबह के करीब 4 बजे आकर समाप्त हुआ।

मेहँदी के जुलूस में अंजुमन मसुमिया कदीम व अंजुमन मसुमिया रजिस्टर के लोगो ने नोहा व मातम पेश किया। वही आठवीं मुहर्रम के दिन में दौरान हाजरी मजलिस हजरत अब्बास अलमदार की शान में मुनक़ीद हुई। अब्बास हजरत इमाम हुसैन के भाई थे उनकी वफादारी की कोई मिशाल नही मिलती उन्होंने अपने भाई इमाम हुसैन के लिये अपनी जान तक दी लेकिन कभी उफ नहीं किया। अब्बास वो बहादुर सिपाही का नाम है जो हजारों के लश्कर पर अकेले भारी थे। अब्बास वो बहादुर मुजाहिद व सिपह सालार थे जिन पर इमाम हुसैन को बहुत फक्र था। इसके बाद अंजुमनों ने नोहा पढ़ा- (1) खत में ये सोगरा लिखती है नाला, सोगरा है बिमार सोगरा है बिमार। (2) लगता नही है दिल मेरा घर मे, रहती है तकलीफ जिगर में पढ़ते हुए अकीदत मंदो ने अपनी नम आँखों से मातम कर शोहदायें कर्बला को याद किया। इस अवसर पर सैय्यद इमरान हुसैन, सैय्यद सलमान हैदर, सैय्यद असगर इमाम, अजादार हुसैन, वाजिद अली, मुहम्मद जहीर, शब्बू, मौलाना नसिमुल हसन, हैदर अली, मौलाना मुझाहिर हुसैन, मौलाना रहबर रजा, इश्तेयाक सेठ, फैजुल हसन, दुरुल हसन, रमजान अली, मुहम्मद औन, फरोग अब्बास, अलमदार हुसैन, मुझहिर हुसैन, नायाब अली नेसार हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेखौफ चोरों ने एक रात में तीन दुकानों से लाखों की चोरी की

*तरुणमित्र न्यूज*

*घोसी ( मऊ )।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मुहम्मदपुर हसनपुर में बेखौफ चोरो ने बीती रात को तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तीनो दुकानों से चोरो ने 17 मोबाइल फोन लगभग एक लाख नगदी लेकर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह दुकान का ताला टूटा देख दुकानदारों को चोरी का पता चला। सूचना पर पहुँची पुलिस तीनों दुकानों में जाँच पड़ताल में जुट रही। चोरी की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कोतवाली क्षेत्र के मुहम्मदपुर हसनपुर चट्टी पर करौदी नारायनपुर निवासी कुंदन चौहान की मोबाइल की दुकान, संजय सोनकर की किराना की दुकान एवं टेसूपार निवासी ओमप्रकाश यादव की खाद की दुकान है। जहाँ बीते देर रात अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़ दुकान में घुस गए। चोरों ने बारी बारी से तीनों दुकान को खंगाल डाला। मोबाइल के दुकान स्वामी कुंदन चौहान ने बताया कि चोर मोबाइल की दुकान से 17 मोबाइल फोन व बीस हजार रुपये चुरा लिये। जबकि खाद की दुकान से 10 हजार नगदी व किराना की दुकान से 70 हजार नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होते ही दुकान स्वामी पुलिस को सूचना दिए। घटना स्थल पर पहुँची पुलिस जाँच पड़ताल किया। मामले में पुलिस आस पास पूछताछ करती रही। तीनों दुकान स्वामियों ने अज्ञात चोरो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है।*

### कार की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

*तरुणमित्र न्यूज*

*घोसी ( मऊ )।घोसी कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर के समीप फोरलेन पर गुरुवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई।*

*जबकि कार में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब वह घोसी की तरफ से जा रहे थे उसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने हाजीपुर स्थित अंबेडकर मूर्ति के समीप सामने से कार में जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय सागर पुत्र रघुनाथ निवासी रसड़ा जनपद बलिया के रूप में हुई। गम्भीर रूप से घायल की पहचान 33 वर्षीय कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो वाहनों की टक्कर के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सागर को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद मऊ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घोसी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।*

### दबंगों के कब्जे से पति को मुक्त कराने के लिये दी तहरीर

*तरुणमित्र न्यूज*

*इंदारा ( मऊ )।कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा बिजुरिया गांव निवासी रीना देवी पत्नी महेश राजभर ने कोपागंज थाना में मुकदमा दर्ज कराई है कि उसके गाँव के सन्तोष यादव व उनका भान्जा घोपाल यादव और अशोक यादव काफी दबंग व भूमाफिया टाईप के व्यक्ति है जो उसके पति महेश राजभर को बन्धक बनाकर जबरदस्ती काम करवा रहे है। पीड़िता ने डायल 112 पर भी शिकायत की लेकिन 112 नम्बर के दरोगा साहब के सामने उक्त लोग 60 हजार रूपये पति की मजदूरी देने की बात कहकर भी हीला हवाली कर रहे है। न तो उसके पति का मजदूरी 60 हजार रूपया ही मिल रहा है न ही उसके पति को छोड़ा जा रहा है। पीड़िता करीना (15 वर्ष) रूपा (5 वर्ष) रुपाली (5 वर्ष) तीन बच्चियों को लेकर दर-दर भटक रही है। उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। उसके पति को उसे सौंपा जाए जिससे वह अपनी 3 बच्चियों की जिम्मेदारी उठा सके।*

*रीना जब अपनी पति के मजदूरी का पैसा मांगने गयी तो सन्तोष यादव व उनका भान्जा घोपाल यादव और अशोक यादव उसे भद्दी-भद्दी गाली दिए और जान से मारने की धमकी दिए। उक्त मामले में कोपागंज पुलिस ने अशोक यादव, संतोष यादव, घोपाल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी।*

### अधिवक्तागण न्यायिक कार्य में नहीं करेगें सहयोग

*तरूणमित्र न्यूज*

*मऊ।तहसील बार एसोशिएशन सदर की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार राय द्वारा की गयी। आम सभा की बैठक में सभी सम्मानित अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में 400 से अधिक मुकदमें नये एवं 2023 से 2024 के मुकदमे भी आज तक पंजीकृत नहीं किये गये तथा नये दाखिल मुकदमें पर उपजिलाधिकारी सदर द्वारा हस्ताक्षर इन्डोर्समेंट नहीं किया जा रहा है। एवं उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर एवं अपर उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में सुनवाई के उपरान्त दोनों न्यायालयों को मिलाकर लगभग 300 से अधिक मुक़दमें आदेश हेतु सुरक्षित किये गये हैं लेकिन महीनों बीतने के बाद भी आदेश पारित नहीं किये गये हैं। तथा तमाम पत्रावलियों को निस्तारण के नाम बिना बहस सुने ही अदम पैरबी व साक्ष्य के अभाव में निरस्त कर दिया गया है। सभी समस्याओं पर सम्मानित सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से सभी के विचार सुनने के पश्चात अध्यक्ष द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जब तक आदेश में सुरक्षित पत्रावलियों में आदेश पारित नहीं किये जाते हैं तथा नये वाद को दर्ज नही किया जाता है तब तक उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर, अपर उपजिलाधिकारी सदर व उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में अधिवक्तागण न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करेगें।*

## देवाश्रम के पदाधिकारियों ने किया लावारिस शव का अंतिम संस्कार

**तरुणमित्र न्यूज़**

**मऊ।** देव सेवा समिति द्वारा संचालित देवाश्रम के जनपद शाखा मऊ द्वारा पूर्वान्ह में एक अज्ञात हिन्दू पुरुष के शव का अन्तिम संस्कार किया गया द्य इसकी जानकारी देवाश्रम के मीडिया सलाहकार नमो नारायण सिंह द्वारा दी गई।

बताया गया कि थाना दोहरीघाट मऊ पुलिस द्वारा पी.एम. न. 297/2025 के तहत देवाश्रम को अन्तिम संस्कार हेतु प्राप्त कराये गए एक अज्ञात हिन्दू पुरुष की शव यात्रा जय शिव जय शव व राम नाम सत्य है के उद्घोष के साथ देवाश्रम के अंतिम संस्कार दल मऊ अध्यक्ष दया राम यादव के नेतृत्व में लाश घर मऊ से प्रारम्भ होकर सर्वेशवरी मुक्ति धाम ढेकुलिया घाट श्मशान मऊ पहुंची। जहाँ पूर्वान्ह में देवाश्रम के जिला सलाहकार मऊ डा. आशुतोष राय द्वारा मुखाग्नि दी गई। संबंधित पुलिस द्वारा बताया गया कि उपरोक्त शव गोठा बाजार दोहरीघाट से पुलिस को मिला था।अन्तिम संस्कार का सम्पूर्ण खर्च सिंधी कालोनी मऊ निवासी उच्च न्यायालय प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कृष्ण राय द्वारा सहर्ष वहन किया गया।

उपरोक्त लावारिस शव यात्रा में डा. आशुतोष राय, पी एन सिंह, रामनाथ राम, मालक यादव, नारद, गुड्डु मद्धेशिया, राजेश सिंह गुड्डु, श्रीनाथ मो. इब्राहिम सहित घाट संरक्षक संतोष सम्मिलित रहे। देव आश्रम के प्रबंध निदेशक पीएन सिंह ने बताया कि उक्त शव का अस्थि कलश देवाश्रम के पास संरक्षित रहेगा जो ज्ञात होने पर उनके परिजनों को नि:शुल्क सौंप दिया जायेगा।

## चाचा ने भतीजे पर दर्ज कराया मुकदमा

**तरुणमित्र न्यूज**

**इंदारा ( मऊ )।** कोपागंज थाना क्षेत्र के इटौरा डोरीपुर निवासी बब्बन यादव पुत्र धर्मदेव यादव ने कोपागंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया है कि दो जुलाई को रात्रि 11 बजे विवादित भूमि में उनका भतीजा सौरभ यादव पुत्र महेन्द्र यादव मिट्टी डलवा रहा था जिसे मना करने पर लाठी डण्डे एवं पंच से सर पर मार दिये जिससे प्रार्थी का सर फट गया। जाते जाते सौरभ ने गाली गुप्ता एवं जान से मारने की धमकी भी दिया। उक्त मामले में पुलिस ने सौरभ यादव पुत्र महेन्द्र यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी।

## पूर्व विधायक स्व. कपिलदेव यादव की पुण्यतिथि मनाई गई

**तरुणमित्र न्यूज़**

**इंदारा ( मऊ )।** मधुबन विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कपिल देव यादव की 16 पुण्यतिथि शुक्रवार को मोहम्मद अली इंटर कॉलेज करीमाबाद इंदारा के प्रांगण में मनाई गई।

जहां उपस्थित लोगों ने उनकी स्थापित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इसके बाद विद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ रामविलास यादव ने कहा कि पूर्व विधायक ने ग्रामीण विकास और इनके उत्थान के लिए कई विद्यालयों की स्थापना कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई जिससे गरीब बच्चे जो दूरदराज के विद्यालय में नहीं जा पाते थे। जिसके कारण शिक्षा से वंचित रह जाते थे शिक्षा हासिल कर अपनी नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। स्वर्गीय विधायक शोषितो वंचितों गरीबों और असहाय व्यक्तियों के हमदर्द थे यह बड़े ही मिलनसार एवं नेक दिल इंसान थे अपना जीवन एक शिक्षक के रूप में शुरू कर उत्तर प्रदेश के विधानसभा में भी बैठने का भी इन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धांजलि सभा को मुश्ताक अली, नीरज यादव, हरे राम यादव ने सम्बोधित किया।

पूर्व विधायक स्व कपिल देव यादव के मूर्ति के समक्ष उपस्थित समर्थक नमन करते हुए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिलेश यादव, सीताराम यादव, रमाकांत यादव, दूधनाथ यादव, सुभाष यादव, लक्ष्मी शंकर यादव, राम सहाय श्रीवास्तव, शिव बहादुर यादव, आफरीन नामिनी आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## तकनीक और तत्परता का नतीजा, गुमशुदा मोबाइल लौटाकर पुलिस ने फिर जीता भरोसा

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का साधन नहीं, बल्कि लोगों की ज़िंदगी से जुड़ा अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में किसी की कीमती मोबाइल का खो जाना बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। लेकिन मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र की पुलिस ने तकनीकी दक्षता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक युवक का गुम हुआ मोबाइल ढूंढ निकालने में सफलता पाई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के शेखामदपुर निवासी सलमान अहमद का करीब 25 हजार कीमत वाला ओप्पो स्मार्टफोन गुम हो गया था।

परेशान सलमान ने थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाने पर तैनात साइबर सेल/सीसीटीएनएस टीम ने सक्रियता दिखाई और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल को ट्रैक कर सफलता पूर्वक बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल संजय गुप्ता, आरक्षी दयानाथ मौर्य, कांस्टेबल लवकुश, महिला आरक्षी प्रिया सिंह और शालिनी मौर्य की अहम भूमिका रही। टीम द्वारा बरामद मोबाइल को सलमान अहमद को विधिक प्रक्रिया के तहत सौंप दिया गया।

## मृतक आश्रित को सौंपा नियुक्ति पत्र, आपके साथ हमारी संवेदना सम्बद्ध

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** विगत दिनों पालिका में कार्यरत् सफाई कर्मचारी हबीबुल्लाह की आकस्मिक मृत्यु के उपरान्त उनके स्थान पर मृतक आश्रित कोटे के अन्तर्गत उनके पुत्र मोहम्मद राशिद को पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने आज नियुक्ति पत्र सौंप दिया। उन्होंने कहा कि आपके पिता अपने दायित्वों के प्रति समर्पित हो कर कार्य किया करते थे। आप से भी पालिका की अपेक्षायें सम्बद्ध हैं। पालिकाध्यक्ष ने मृतक आश्रित नवनियुक्त मोहम्मद राशिद को कर्मठता के साथ ड्युटी करने की सलाह देते हुये कहा कि आप अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों पर ही नगर के सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था निर्भर करती है। आप पालिका की रीढ़ की हड्डी के समान हैं। जब आप काम करते हैं तो उस मेहनत की चमक हमारे चेहरे पर नजर आती है। इस अवसर पर इकबाल अहमद, राजू सैनी, जफर अहमद, मोहम्मद इस्माईल, निर्माण एवं अधिष्ठान लिपिक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, अजय कुमार गौतम आदि उपस्थित रहा।

## मोहर्रम के जुलूस में अकीदतमंदो ने किया मातम

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** शहर के मुंशीपुरा सेल टैक्स रोड से हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियो की शहादत की याद मे आठवीं मोहर्रम का जुलूस बड़े ही गम के साथ निकाला गया। जिसमें झूले जुलुस निकाला गया। इस दौरान मंज़र इमाम ऐडवोकेट के घर इमाम चौक से छोटे बच्चे, बड़े और बुजुर्गो ने खाली झूला झूलाती है कब आओगे असगर का नौहाख्वानी कर अक़ीदतमंदो ने मातम किया है। वही इमाम चौक से होते हुए यतीम खाना मस्जिद से होते हुए जुलूस निकाला गया है।

वही ताजीयेदार शमीम कमाल, मंज़र इमाम ऐडवोकेट, वसीम कमाल, आमिर, रजा इमाम, जमाल अख्तर गुड्डु, इसराइल, अज़ीज़, शादाब इमाम, आतिफ, नेपाली, अमन, आसिफ, लकी, शान, अफरोज, अफ्फान, आदि समेत तमाम अक़ीदतमंद मौजूद रहे है।

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानन्दानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# अंबेडकर प्रतिमा किया क्षतिग्रस्त

तरूणमित्र न्यूज

- अराजक तत्वों की तलाश में जुटी पुलिस
- स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश, जमा हुई भीड़
- प्रशासन ने करवाई प्रतिमा की मरम्मत

**आजमगढ़।** जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के पूरबपट्टी और खादारामपुर गांव में गुरुवार रात अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और संत रविदास की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार सुबह इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर अहरौला थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा और सीओ बूढ़नपुर अजय प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। खादारामपुर में क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई मूर्ति मंगवाकर स्थापित की गई, जबकि पूरबपट्टी में ग्रामीणों ने प्रतिमा की सुरक्षा के लिए ठोस उपायों की मांग की और तब तक नई प्रतिमा स्थापित करने से मना कर दिया। दोनों गांवों के बीच लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

प्रतिमाओं की मरम्मत के लिए कारीगरों को भी मौके पर बुलाया गया। ग्रामीणों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

**आजमगढ़।** फूलपुर दिनांक 04-07-2025 को उ0नि0 रज्जन द्विवेदी चौकी प्रभारी अम्बारी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवम पाण्डेय पुत्र शत्रुधन उर्फ जितेन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम अमरेथू थाना दीदारगंज जिला आजमगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष को ग्राम बहाउद्दीनपुर मोड़ पर बने कटरे के पास से समय करीब 01.20 बजे एक अदद नाजायज तंमचा 12 बोर एवं 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 332/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# पत्नी से विवाद के बाद पति ने दी जान

तरूणमित्र न्यूज

**आजमगढ़।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के बोधीपट्टी गांव में एक दुखद घटना में 26 वर्षीय विजय कुमार ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बोधीपट्टी गांव निवासी विजय कुमार, पुत्र रामप्रीत, जो दो भाइयों में छोटा था, आठवीं तक पढ़ाई के बाद गांव में लाइट का कारोबार करता था। उसकी शादी डेढ़ माह पूर्व टांडा, अंबेडकर नगर में हुई थी। बीती रात करीब 9 बजे पत्नी से हुए विवाद के बाद वह नाराज हो गया। इसके बाद उसकी पत्नी पड़ोस के घर चली गई। गुस्से में विजय ने अपने कमरे में बेड पर कुर्सी रखकर छत के चुल्हे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय विजय का बड़ा भाई दिल्ली में नौकरी करता है, जबकि उसके माता-पिता कोलकाता गए हुए थे। घर में केवल विजय और उसकी पत्नी ही थे। कमरे का दरवाजा खुला होने के कारण एक पड़ोसी महिला ने शव को लटकता देख शोर मचाया। गांव वालों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

## ताड़ीघाट उपकेंद्र में 15 लाख से मरम्मत कार्य शुरू, 9 घंटे बाधित रही आपूर्ति

**ग़ाज़ीपुर।** 33/11 केवी ताड़ीघाट विद्युत उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य बृहस्पतिवार को शुरू हो गया। इस वजह से उपकेंद्र से जुड़े 40 गांवों की विद्युत आपूर्ति लगभग 9 घंटे के लिए बंद कर दी गई है। अवर अभियंता आशीष कुमार यादव ने बताया कि आपूर्ति बाधित सुरक्षा कारणों से की गई है। मरम्मत के दौरान 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर के साथ नया वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (वीसीबी), सीटी (करंट ट्रांसफॉर्मर), इनकमिंग एक्सएलपी केबल, रिले पैनल, अर्थिंग के लिए बोरिंग और फाउंडेशन आदि कार्य कराए जा रहे हैं। कार्य पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और फाल्ट जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही सब स्टेशन की क्षमता बढ़ेगी और बिजली आपूर्ति सुचारू होगी।

# मोहर्रम की सातवीं का जुलूस शांति व भाईचारे के साथ संपन्न

**सिकंदरपुर ( बलिया )।** मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाए जा रहे मातमी पर्व मोहर्रम के तहत गुरुवार रात को सिकंदरपुर में सातवीं तारीख का जुलूस पूरे उत्साह और शांति के साथ निकाला गया। नगर के डोमनपुरा, बढ़ा और भिखपुरा मोहल्लों से निकले अलग-अलग जुलूसों में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया, जो परंपरागत मार्गों से भ्रमण करते हुए कर्बला के शहीदों की याद को ताजा करते रहे।

रात 11 बजे से शुरू हुए ये जुलूस मध्यरात्रि में बढ़ा मोहल्ले स्थित दरगाह के मैदान में एकत्र हुए। जुलूसों में शामिल लोग या अली, या हुसैन की सदा बुलंद करते हुए मर्सिया और नौहा पढ़ते चले। मार्गों के दोनों ओर बूढ़े, बच्चे और महिलाएं जुलूस व लाठी लड़ाने की कला को देखने के लिए उमड़ पड़े, जिससे माहौल रोमांचक रहा। डोमनपुरा का जुलूस दरगाह से आगे बढ़कर मुड़ियापुर स्थित दाता साहब के मजार प्रांगण में पहुंचा, जबकि बढ़ा और भिखपुरा के जुलूस मैदान में ही रहे। करीब एक घंटे तक युवाओं ने अस्त्रकलाओं का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। देर रात सभी जुलूस अपने-अपने मोहल्लों में पहुंचकर समाप्त हुए।

जुलूस में डॉ. सैयद मिन्हाजुद्दीन अजमली, नजरूल बारी, इश्तियाक खां, जमील बेग, हसनैन अंसारी, गनेश प्रसाद सोनी, डॉ. उमेश चंद, हाजी शेख़ अलीमुद्दीन अहमद, शुएब अंसारी, लतीफ अहमद, डॉ. नदीम, डॉ. सलाहुद्दीन, सगीर अहमद, जितेश वर्मा जैसे प्रमुख लोग शामिल रहे।

प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार यादव, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह और चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी शुरू से अंत तक मौजूद रहे। यह आयोजन भाईचारे और शांति का प्रतीक बनकर उभरा।

# चोरी की मोटर के साथ वांछित को पुलिस ने दबोचा

तरूणमित्र न्यूज

**बेल्थरा रोड ( बलिया )।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना उभांव पुलिस को मिली सफलता।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को थाना उभांव प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए चौकिया मोड़ पर मौजूद थे कि मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 187/2025 धारा 303(2) BNS में चोरी गयी 01अदद सोलर पैनल व 01 अदद मोटर साईकिल स्प्लेण्डर प्लस रंग काला (नम्बर प्लेट बदल कर) के साथ अभियुक्त प्रबिन्द्र कुमार पुत्र मोतीलाल राजभर निवासी तरछापार भदौरा थाना उभांव बलिया को ककरासो मोड़ सड़क से समय 04.10 बजे गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त प्रबिन्द्र कुमार उपरोक्त का नाम प्रकाश में लाते हुए मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2), 338,336(3),341 बी.एन.एस की बढोत्तरी करते हुए अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया।

# स्व. सुभाष कुशवाहा की मनाया गई जयंती

तरूणमित्र न्यूज

**ग़ाज़ीपुर।** सम्राट अशोक क्लब के तत्वाधान में सम्राट अशोक क्लब के संस्थापक स्वर्गीय सुभाष कुशवाहा की जयंती आम घाट कॉलोनी के एक निजी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में सबसे पहले स्वर्गीय सुभाष कुशवाहा के चित्र पर माल्यार्पण करने श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ महात्मा गौतम बुद्ध एवं अशोक महान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर में भी श्रद्धांजलि दी गई कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुभाष कुशवाहा समाज में क्रांति पैदा करने के लिए संघर्ष किया आज उनकी देन है कि सम्राट अशोक क्लब फूल फल रहा है। क्लब के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि सुभाष जी सरल स्वभाव और नेतृत्व के धनी थे उनके नेतृत्व में मुझे काम करने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है। समाज के नेता और मोहम्मदाबाद के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि सुभाष जी के उद्देश्यों को लेकर हमें काम करने की आवश्यकता है यदि हम उनके उद्देश्यों को पूरा करते हैं तो निश्चित रूप से उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुशवाहा ने किया तथा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन कुशवाहा नरेंद्र कुशवाह दुखहरन कुशवाहा अशोक मौर्य ओमकार कुशवाहा गोविंदम कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा नरेंद्र कुशवाहा राम बच्चन कुशवाहा राम नारायण मौर्य पीतांबर कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा राधेश्याम कुशवाहा डॉक्टर शिव गोविंद सिंह कुशवाहा मुकेश सिंह अशोक प्रकाश मौर्य मणिकांत मौर्य ज्ञानचंद मौर्य रविकांत कुशवाहा दीपक मौर्य सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता डा. उमेश ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सिकंदरपुर,( बलिया )।** बस स्टेशन से मालीपुर के बीच नहर मार्ग की खुदाई कर उसे महीनों से अधूरा छोड़ दिए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। व्यापारियों, राहगीरों और क्षेत्रीय नागरिकों को इस अधूरी सड़क से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह जलभराव, कीचड़ और गंदगी के कारण आवागमन बाधित हो गया है।

इसी समस्या को लेकर भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र प्रसाद ने बुधवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि यह मार्ग काफी व्यस्त है, जहां कई व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं और हजारों लोग प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं। अधूरी खुदाई के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

डॉ. उमेश ने प्रशासन से मांग की कि अधूरा पड़ा कार्य तुरंत पूरा कर नहर मार्ग को पुनः चालू किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापार मंडल को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपते समय रामप्रवेश गुप्ता, मनिन्दर गुप्ता, अजय गुप्ता, दीपक, किशन, दीलिप तिवारी, विकास शर्मा और लालचन्द सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सड़क को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की।

# 48 कैडेट्स को मिला ए और बी सर्टिफिकेट-एनसीसी का विशेष कार्यक्रम, हंसियाकार एनिमिया पर सेमिनार

**गाजीपुर।** गहमर इंटर कालेज में 91वीं यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हंसियाकार रुधिराणु एनिमिया पर जन-जागरूकता सेमिनार हुआ और 48 कैडेट्स को ए व बी सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य मारकंडेय यादव ने की। उन्होंने हंसियाकार रुधिराणु एनिमिया के बारे में जानकारी दी। यह एक अनुवांशिक बीमारी है जिसमें रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। इस बीमारी में लाल रक्त कणिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती हैं। यह बीमारी 1949 में नील एवं बीट ने खोजी थी। एनसीसी प्रभारी कैप्टन विजय यादव ने कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ए व बी सर्टिफिकेट उनके समर्पण और अनुशासन का प्रमाण है। उन्होंने एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन को जीवन में अपनाने की सलाह दी। 91 यूपी बटालियन एनसीसी मुगलसराय के कमान अधिकारी कर्नल अमर सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी के तृतीय अधिकारी मनोज कुमार ने कैडेट्स की सफलता को उनकी लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम बताया। कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर कैडेट्स मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी

तरूणमित्र न्यूज

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा परेड ग्राउण्ड पुलिस लाइन बलिया में शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए स्वयं के साथ समस्त JTC आरक्षियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए दिया गया सुझाव। इसी क्रम में महोदय द्वारा यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

साप्ताहिक परेड में क्षेत्राधिकारी बांसडीह प्रभात कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त, क्षेत्राधिकारी सदर मो0 उस्मान, क्षेत्राधिकारी मो0 फहीम कुरैशी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सुधीर सिंह एवं आरटीसी प्रभारी सन्तोष कुमार सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में महोदय द्वारा परेड ग्राउण्ड में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व हो रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारें में भी जाना व समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण कार्यों को सम्पन्न कराने के लिये भी निर्देशित किया गया।

# कक्षा 9 और 11 में पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 5 अगस्त तय

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत शैक्षिक सत्र 2025-26 के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 5 अगस्त तय की गई है।

कंपार्टमेंट एवं स्क्रूटनी से हाईस्कूल पास छात्रों के कक्षा 11 में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। इस संबंध में परिषद के सचिव का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भी प्राप्त हुआ है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत छात्रों के अग्रिम पंजीकरण शुल्क को 25 अगस्त तक चालान के माध्यम से कोषागार में जमा किया जाएगा। इस तिथि तक छात्रों के शैक्षिक विवरण को परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड भी किया जाएगा। प्रत्येक छात्र के शैक्षिक विवरणों को उनके कक्षा अध्यापक एवं प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय अभिलेख के अनुसार 26 अगस्त से 5 सितंबर तक जांच की जाएगी। कोई त्रुटि होने पर 6 से 20 सितंबर तक संशोधित किया जाएगा। इसके बाद 30 सितंबर तक फोटोयुक्त नामावली एवं कोष पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा किया जाएगा। परिषद की वेबसाइट पर अपलोड छात्रों के शैक्षिक विवरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विसंगति होने पर इसके लिए कक्षा अध्यापक एवं प्रधानाचार्य ही उत्तरदायी होंगे।

# असलहा बरामद करवाने गये अभियुक्त ने पुलिस पर चलाई गोली

**बलिया।** रसड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड नं0 01 निवासी धन्नू राजभर को गोली मारने वाले अभियुक्त ने असलहे की बरामदगी करवाने के दौरान पुलिस पर गोली चला दी। घटना में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा बाल बाल बच गये। पुलिस की जबाबी करवाई में अभियुक्त मानवेन्द्र सिंह उर्फ प्रिन्स के पैर में गोली लगी।

धन्नू राजभर को गोली मारने के अभियुक्त मानवेन्द्र सिंह उर्फ प्रिन्स सिंह पुत्र श्रीकान्त सिंह निवासी ग्राम मुण्डेरा थाना रसड़ा को न्यायालय के आदेश पर पुलिस कस्टडी रिमाण्ड में लेकर जिला कारागार मऊ से रसड़ा थाने पर लाकर अभियुक्त से विवेचक उ0नि0 देवी प्रसाद मिश्रा व प्र0नि0 रसड़ा द्वारा पूछताछ की गयी। अभियुक्त ने बताया कि 13.जून को अपने साथियों के साथ धन्नू राजभर पुत्र बालचन्द राजभर निवासी वार्ड नं0 01 महावीर अखाड़ा रसड़ा को गोली मारी थी। उस समय मौके पर काफी भीड़ इकठ्ठा होने लगी थी तो मैं व मेरे साथी मौका देखकर दो मोटर साईकिलों पर सवार होकर भाग गये। घटना में प्रयुक्त असलहे को नगहर चाँदपुर डुमरिया मार्ग पर छुपाकर रख दिया। घटना में प्रयुक्त असलहे को बरामद करवाने के लिये प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह व विवेचक उ0नि0 देवी प्रसाद मिश्रा साथ अभियुक्त मानवेन्द्र नगहर चाँदपुर डुमरिया मार्ग पर समय लगभग रात्रि 8 बजे पहुंचे । पुलिस ने टार्च की रोशनी से चारो तरफ उजाला करके उसे दिखाया गया। वह तेजी से पुलिया के नीचे एक पिस्टल को उठाया एवं ललकारते प्रभारी निरीक्षक रसड़ा को लक्ष्य करके फायर कर दिया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक रसड़ा बाल-बाल बच गये। पुनः फायर करने कोशिश की लेकिन पुलिस ने फायर कर दिया गया जिससे अभियुक्त के पैर में गोली लगी।

# स्कूल मर्जर के खिलाफ शिक्षकों ने सांसद अफजाल अंसारी को सौंपा ज्ञापन

**भांवरकोल ( गाजीपुर ) ।** उत्तर प्रदेश सरकार के 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यलयों को मर्ज/बन्द करने का निर्णय लिया है जिसका परिषदीय शिक्षक पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर शुक्रवार को प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया । उसी क्रम में बड़ी संख्या में आज शिक्षक गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी व मुहम्मदाबाद विधायक शोएब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी के आवास फाटक पर पहुँचे। जहां जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश, राजीव ओझा, भाँवरकोल राजेश सिंह यादव, मुहम्मदाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर यादव इत्यादि के साथ सैकड़ो शिक्षकों न विद्यालय बन्द करने के विरोध में दोनों जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया।

शिक्षकों का कहना है कि भाँवरकोल ब्लॉक में लगभग 27 विद्यालय, मुहम्मदाबाद ब्लॉक में लगभग 50 विद्यालय इसी प्रकार पूरे जनपद में लगभग 469 विद्यालय मर्ज/ बन्द होने वाले हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि विद्यालय बन्द होने से गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा बाधित होगी जिसका समाज व देश पर विपरित असर पड़ेगा। इस मौके पर जुबेर अन्सारी, दिनेश सिंह यादव, अजहर अली मोबीन, मु. आलिम हुसैन, अब्दुल बारी, रत्नाकर द्विवेदी, चन्द्रमोहन पाण्डेय, रमाशंकर यादव, अम्बिका राम, तुलसी प्रसाद, मनोज कुमार, विश्वामित्र गुप्ता, अरविन्द, मालिक अहमद, अमन, त्रिपुरारी, गौरव, प्रह्लाद इत्यादि के साथ सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## दिव्यांग छात्र/छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

**बलिया।** समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय दुमदुमा राजन कुमार ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, दुमदुमा, बलिया दिव्यांग छात्र/ छात्राओं (दृष्टि दिव्यांग, श्रवण बाधित एवं अस्थि दिव्यांग) का आवासीय एवं सामान्य छात्र/छात्राओं का अनावासीय विद्यालय है। जिसमें कक्षा- 6 से 12 तक के सभी छात्र/छात्राओं (दिव्यांग एवं सामान्य) को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु दिव्यांग एवं सामान्य छात्र /छात्राओं के लिए आवेदन फार्म निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। इच्छुक छात्र/छात्रा/अभिभावक विद्यालय में प्रवेश हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के आवासीय छात्र/छात्राओं (दृष्टि दिव्यांग, श्रवण बाधित एवं अस्थि दिव्यांग) को निःशुल्क छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# गाजीपुर में चला बुलडोजर, पीड़ितों से मिले सांसद

**गाजीपुर।** बुलडोजर की कार्रवाई होने के बाद पीड़ितों से मिलने के लिए गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी पहुंचे और इस दौरान उन्होंने नुकसान का आकलन किया साथ ही पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरण किया इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन इस धरती पर धर्मावतार का आगमन हुआ था उसी के दूसरे दिन गरीब गुजार दिए गए। सरकारी पक्ष कह रहा है की जमीन सरकारी थी इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि जो लोग यहां के रहने वाले हैं क्या वह बांग्लादेश के हैं या फिर चीन से आए हुए हैं या फिर पाकिस्तानी है जो भारत का नागरिक है सरकार की जिम्मेदारी है की इन सभी लोगों को भी रोटी कपड़ा और मकान की व्यवस्था करें। जिस मकान में करीब 75 साल से लोग रह रहे हैं उस जमीन को भारत सरकार ने एक्वायर नहीं किया था बल्कि ब्रिटिश सरकार ने किया था हालांकि देश के आजादी के बाद यह भारत सरकार की हो गई थी भारत सरकार बड़े दिल वाली सरकार है क्योंकि कि बांग्लादेश पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी यदि लोग आएंगे तो हम उन्हें भारत की नागरिकता देंगे।

- संसद से लेकर सड़क तक लड़ूंगा लड़ाई : अफजाल

लेकिन अपने देश के लोगों के साथ बिना किसी पूर्व सूचना के बुलडोजर की कार्रवाई कर दी गई यह गैर संवैधानिक तरीका है कानून के रक्षको ने गैर कानूनी तरीके अपनाकर गरीबों को उजाडा है जो महा पाप की श्रेणी में आता है आद्रा नक्षत्र में एक चिड़िया का भी घोंसला नहीं तोड़ा जाता है इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि जो बड़े लोगों का अतिक्रमण है उनसे बात कर लिया और उनका आधा गिरा कर आधा बचा दिया गया।

इस बीच अफजाल अंसारी ने कहा कि इस लड़ाई को मैं सड़क से लेकर सदन तक लड़ूंगा और न्यायपालिका में भी ले जाऊंगा वही इन जमीनों पर पीएम आवास बनाए जाने के सवाल पर कहा कि अभी तक इन आवासों को पास करने वाले सीडीओ डीडीओ व अन्य जो भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक सस्पेंड क्यों नहीं हुए उनके प्रमाणित करने के बाद ही पीएम आवास का निर्माण किया गया।

उन लोगों ने यह सत्यापन किया की जमीन जिस पर पीएम आवास बन रहा है वह उनके पुरखों की जमीन है तब आखिर आज यह सरकारी कैसे हो गई और कैसे उजाड़ दिया जा रहा है।

इसलिए इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और गाजीपुर में फर्जी प्रमाण पत्र देने का गोरख धंधा चल रहा है इन पूरे मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होने चाहिए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

| ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|
| फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल |
| इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल |

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टेक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering / Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile / Electrical Engineering / Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee From Today to 15th July 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines Ambedkar Tiraha Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991


## रोम में गैस स्टेशन में जोरदार धमाका

**रोम।** इटली के रोम से एक बड़ी घटना की जानकारी सामने आई है। यहां पर एक गैस स्टेशन में विस्फोट हो गया। इस घटना में आठ पुलिस अधिकारियों और एक दमकलकर्मी सहित कम से कम 20 लोग घायल हो गए।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुबह 8 बजे के कुछ ही समय बाद इतालवी राजधानी में विस्फोट की आवाज सुनी गई। इस घटना के बाद आस पास के लोग दहल उठे। पास के इलाकों से काले धुएं और आग का एक बड़ा बादल दिखाई दिया। इस घटना को लेकर रोम के मेयर रॉबर्टो गुआल्टिएरी ने कहा कि करीब 20 लोगों को मामूली चोटें आईं। गुआल्टिएरी ने बताया कि स्थानीय पुलिस और दमकलकर्मी गैस रिसाव के बारे में सतर्क होने के बाद इलाके में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और पुलिस के पहुंचने के बाद भी दो विस्फोट हुए। रोमन पुलिस की प्रवक्ता एलिसाबेटा एकार्डो ने कहा कि बचाव अभियान के लिए पहुंचने के बाद आठ पुलिस अधिकारी घायल हो गए। बताया जा रह है कि पहले विस्फोट के बाद कुछ श्रृंखलाबद्ध विस्फोट हुए। सभी घायल पुलिसकर्मी जल गए हैं, लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। इस घटना पर अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता लुका कैरी ने कहा, "विस्फोट में एक अग्निशमन कर्मी भी घायल हुआ है, लेकिन गंभीर रूप से नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर दस टीमें काम कर रही थीं। पुलिस ने कहा कि वे आस-पास के पूरे इलाके की जांच कर रहे हैं कि कौन लोग घायल हुए हैं या आस-पास की इमारतों में फंसे हुए हैं।


स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.( Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक | चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर | आयु सीमा 17–35 वर्ष | छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा),बवासीर भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
24/7 EMERGENCY SERVICE
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर)
सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉस्पिटल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉस्पिटल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पता:- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
2025-26
वर्तमान सत्र-2023-24 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स (अण्डरग्राउण्ड शोरूम)
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. ट्रेरिटेज सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET qualifying score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप | एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS PRE BOOK YOUR SEAT NOW
HURRY UP!
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

| CATEGORY | PERCENTILE | MARKS |
|---|---|---|
| GEN/EWS | 50%ile | 164 |
| OBC | 40%ile | 129 |
| SC | 40%ile | 129 |
| ST | 40%ile | 129 |

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com


## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का तानाशाही भरा कदम

**ढाका।** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया है। प्रतिबंधात्मक कानून और राजनीतिक दबाव से देश में मीडिया की स्वतंत्रता सीमित कर दी गई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और यूनेस्को की एक रिपोर्ट में यह बात उजागर हुई है। यूएनडीपी और यूनेस्को ने स्विट्जरलैंड के दूतावास के सहयोग से 'बांग्लादेश के मीडिया परिदृश्य का आकलन- स्वतंत्रता और बहुवादी मीडिया' शीर्षक से एक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया।

इसमें बांग्लादेश में मीडिया के समक्ष चुनौतियों पर गौर किया गया है। यह रिपोर्ट पत्रकारों, नीति निर्माताओं और सिविल सोसाइटी के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंधात्मक कानून और राजनीतिक दबाव ने बांग्लादेश में मीडिया की स्वतंत्रता और विश्वास को सीमित कर दिया है।